हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, शनिवार, 26 अक्टूबर 2024

भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर




## आज आएंगी राष्ट्रपति मुर्मू आईआईटी भिलाई के दीक्षांत समारोह में

# कुम्हारी टोल प्लाजा से सड़क के गड्ढे भरे, रूट पर करवाई साफ-सफाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

आईआईटी भिलाई के तीसरे व चौथे दीक्षांत समारोह में 26 नवंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू शामिल होंगी। राष्ट्रपति के आगमन की तैयारी में पूरा प्रशासनिक अमला जुटा रहा।



हेलीपेड स्थल आईआईटी भिलाई में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर हवाई सर्वे भी पूरा कर लिया गया। प्रशासन ने पूरी चाक-चौबंद व्यवस्था की है। कुम्हारी टोल प्लाजा से लेकर भिलाई आईआईटी रूट की सड़कों के गड्ढे. भरवा गए। साफ-सफाई से लेकर पोल पर लगे अवैध पोस्टर हटवाए गए।


एनएच मार्ग को सुधारते हुए।


निरीक्षण के लिए निकले आयुक्त दुबे।

### भिलाई निगम आयुक्त ने संभाली कमान

राष्ट्रपति के इस प्रवास को लेकर भिलाई के आयुक्त बजरंग दुबे के नेतृत्व में कार्यो का संपादन निरंतर किया जा रहा है। जिसमें प्रमुख रूप से सभी जोन कमिश्नर, अधीक्षण अभियंता, कार्यपालन अभियंता, राजस्व अधिकारी, स्वास्थ्य अधिकारी, जोन स्वास्थ्य अधिकारी, सड़को पर आवारा मवेशियो को पकड़ने वाले दल, राजस्व का अमला आदि की डयूटी लगाई गई है। सभी जोन कमिश्नर अपने-अपने क्षेत्र में महामहिम के आमगन रूट से सड़क बाधा एवं अवैध बेनर पोस्टर हटवाने का कार्य कर रहे है। जोन कमिश्नर अपने-अपने रूट पर टीम के साथ लगातार गश्त भी कर रहे है।

### सड़कों की दशा सुधरी

कुम्हारी टोल प्लाजा से राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अभियंताओ द्वारा सड़क के गडडे भराई का कार्य संपादित करवाया जा रहा है। निगम भिलाई के अधीक्षण अभियंता स्वयं अपने देखरेख में संबंधित कार्यो का अवलोकन कर रहे है। हेलीपेड के निर्माण कार्य के दौरान जल की व्यवस्था, सड़क मार्ग से आवारा पशुओं इत्यादि को हटाने का भी कार्य किया जा रहा है।

### चप्पे-चप्पे पर जवान तैनात

राष्ट्रपति की सुरक्षा के मद्देनजर रखते हुए आईआईटी भिलाई छावनी में तब्दील हो गया है। यहां केंद्रीय सुरक्षा बल के जवान और स्थानीय पुलिस की बड़ी संख्या में तैनाती की गई है। चिकित्सकों, एबुलेंस, फायरबिग्रेड सहित अन्य आपात व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।

**दोपहर 2 बजे तक प्रवेश निषेध:** आईआईटी भिलाई में दीक्षांत समारोह में वीवीआईपी, वीआईपी और विद्यार्थियों सहित 300 लोग ही शामिल होंगे। कार्यक्रम से राष्ट्रपति के जाने के बाद मीडिया प्रवेश तय किया गया है। दोपहर 2.30 बजे मीडिया आईआईटी के भीतर जा सकेंगे। समारोह के लाइव कवरेज यू ट्यूब के माध्यम से प्रसारित होंगा।

## बर्थ डे पार्टी मनाने निकले कॉलेज छात्र की शिवनाथ नदी में डूबने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

**महमरा एनीकेट दुर्ग की घटना**

बर्थ डे पार्टी मनाने 10 छात्र-छात्राएं पार्टी मनाने महमरा एनीकेट के पास लगे आम के बगीचे में गए थे। पार्टी मनाने के बाद नहाने का मन होने पर एक छात्र शिवनाथ नदी में कूद गया। देखते ही देखते छात्र गहरे पानी में डूब गया। जिससे छात्र की मौके पर ही मौत हो गई। खबर लगने पर एसडीआरएफ, लोकल मछुवारे, कोतवाली पुलिस की टीम ने मशक्कत करने के बाद शव को बाहर निकाला। शव को पीएम के लिए मरचूरी भेज परिजनों को सूचना दी गई। दुर्ग कोतवाली टीआई विजय यादव ने बताया कि सेंट थामस कालेज का छात्र बीएससी के प्रथम वर्ष के आचरण कुजूर रिसाली में पीजी रुम में रहता था। इसका मूल निवास रायगढ़ है। कॉलेज के छात्र-छात्राएं पार्टी मनाने के लिए दुर्ग निकले थे। महमरा एनीकेट के पास पार्टी इंजाय करने के बाद आचरण और बीजापुर निवासी कुणाल नदी में नहाने उतर गए। आचरण नदी के गहरे पानी में चले जाने से डूब गया। वहीं कुणाल को किसी तरह बचा लिया गया।



# संभागायुक्त ने जिन शिक्षकों को किया निलंबित, उनको जेडी ने दी पोस्टिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

संयुक्त संचालक शिक्षा विभाग में इन दोनों निलंबित शिक्षकों को संशोधन के नाम पर बहाली किया जा रहा है, वहीं उन्हें मन चाहे जगह पर जेडी द्वारा पदस्थापना दिया जा रहा है। जिले के ग्रामीण स्कूलों में पहले ही शिक्षकों की कमी है, वही जेडी के इस मनमानी से गांव की स्कूल शिक्षकों से सुनी हो गई है और शहर में सेटअप की धज्जियां उड़ाकर मनमानी की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि, 17 फरवरी 2024 को संभाग आयुक्त एसएन राठौर द्वारा महात्मा गांधी स्कूल का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान प्रधान पाठक शायना परवीन खान, रेखा अग्रवाल शिक्षक एलबी अतिशेष, छाया दुबे, सुनीता देवांगन, शशीकला साहसी और गरिमा सिन्हा अनुपस्थित पाई गई। विद्यालय में प्रधान पाठक सहित कुल 11 शिक्षक पदस्थ थे। जिनमें निरीक्षण के समय 6 शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। निरिक्षण के बाद संभागायुक्त के निर्देश पर रेखा अग्रवाल को निलंबित कर जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा भेज दिया गया। वही प्रधान पाठिका शायना परवीन खान को जिला शिक्षा अधिकारी बालोद भेज दिया गया था। वही शिक्षक छाया दुबे को बीईओ आफिस गुंडरदेही और सुनिता देवांगन को बीईओ पाटन, गरिमा सिन्हा को बीईओ साजा और शशीकला साहसी को डीईओ आफिस खैरागढ छुईखदान गंडई नियत किया गया।

## छह शिक्षकों में चार के आदेश पर किया गया संशोधन

### यहां दी गई चारों शिक्षकों को पोस्टिंग

जेडी कार्यालय द्वारा विगत दिनों सुनीता देवांगन को पंडित रत्नाकर झा स्कूल, छाया दुबे शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मरोदा टैंक, गरिमा सिंह शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खुर्सीडीह, शाहिना परवीन शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बोरसी किया गया है। इस मामले में जेडी के अधिकारियों का कहना है कि, चारो शिक्षिका होईकोर्ट गए थे। लेकिन कोर्ट ने उनके याचिका पर विचार करने कहा था। लेकिन जेडी ने उन्हें गांव से हटाकर शहर के स्कूलों में मनचाही जगह पोस्टिंग दे दी। सुनीता देवांगन जिन्हें पंडरिया किया गया था। इस मामले में जेडी आरएल ठाकुर का कहना है कि, संभागायुक्त के अनुमोदन में पोस्टिंग की गई हैं।




### नहीं दी थी स्कूलों में ज्वाइनिंग

संभागायुक्त ने जिन आधा दर्जन शिक्षको को महात्मा गांधी स्कूल से हटाकर उन्हें फरवरी माह में दूसरा जिला भेज दिया गया था। ऐसी चर्चा रही कि, इस दौरान किसी ने भी स्कूल में ज्वाइनिंग नही दी थी। हांलाकि बाद में जेडी ने होईकोर्ट के आदेश का हवाला देकर निलंबित स्कूलों में संसोधन कर सभी को शहर के स्कूलो में ज्वाइनिंग दी। यहां यह भी बताना जरूरी है कि, कोर्ट ने प्रकरण में विचार करने कहा था। कोर्ट ने स्कूल का नाम नही बताया था। लेकिन जेडी ने सभी को मनचाही जगह पोस्टिंग दी थी। इसमें दो शिक्षको को बहाल नही किया जाना आज भी चर्चा का विषय बना हुआ हैं।

## खबर संक्षेप



### कातरो में निकाली गई शोभायात्रा

दुर्ग। श्री योग वेदांत सेवा समिति कातरों भिलाई.दुर्ग के तत्वावधान में शोभा यात्रा आदर्श ग्राम कातरों में निकाली गई। यह शोभा यात्रा संत आसाराम बापू के शिष्य अहमदाबाद से आए श्री राम भाई के सानिध्य में निकाली गई। इस शोभा यात्रा की शुरुवात रथ में गुरु देव की मंगल आरती के बाद किया गया। रामा भाई द्वारा नारायण नाम का कीर्तन करते हुए शोभायात्रा को पूरे गांव में घुमाया गया। शोभा यात्रा के बाद गांव में सत्संग भी हुआ और जरूरतमंद 120 परिवारों को दीपावली के निमित जरूरत की सामग्री दी गई। भोजन भंडारा कार्यक्रम भी हुए। उक्त जानकारी युवा सेवा संघ के ओमप्रकाश साहू ने दी।

### मक्खी व कीड़ा से सुरक्षा के लिए दी मशीन



दुर्ग। जिला चिकित्सालय के आईसीयू वार्ड में मक्खी व कीड़ा से बचाओ के लिए एक-एक नग मशीन उपलब्ध कराया गया। यह मशीन सतीश सुराना और आशीष सुराना द्वारा आईसीयू में मरीजों के स्वास्थ सुविधा के लिए जिला चिकित्सालय को उपल्ध कराया गया है। इस अवसर पर सिविल सर्जन सह अधीक्षक डॉ हेमंत साहू, आरएमओ डॉ अखिलेश यादव, डॉ रचना दवे, जिला चिकित्सालय के जीवन दीप समिति के दिलीप ठाकुर, प्रशांत डोंगावकर स्टोर इंचार्ज रमण गंधर्व उपस्थित थे।

### निर्माण कार्य के लिए प्रशासकीय स्वीकृति

दुर्ग। मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजनांतर्गत वर्ष 2024-2025 में शासन द्वारा अनुमोदित निर्धारित लागत दर अनुसार अधोसंरचना निर्माण कार्यों की अनुशंसा प्राप्त हुई है। इसके आधार पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दुर्ग द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत धमधा को 4 ग्राम पंचायतों में सीसी रोड, सामुदायिक भवन एवं निर्मलाघाट निर्माण हेतु 29 लाख 90 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। जिला पंचायत दुर्ग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अश्वनी देवांगन से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड धमधा के ग्राम अहेरी एवं ग्राम पंचायत बागडूमर में सीसी रोड निर्माण हेतु क्रमशः 10 लाख 40 हजार रूपए एवं 5 लाख 20 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति की गई है। इसी प्रकार ग्राम पंचायत मेड़ेसरा में सीसी रोड निर्माण हेतु 5 लाख 20 हजार रुपए और निर्मलाघाट निर्माण हेतु 2 लाख 60 हजार रूपए तथा ग्राम पंचायत लिमतरा में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6 लाख 50 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। कार्यो के संपादन का दायित्व कार्यकारी एजेन्सी संबंधित ग्राम पंचायत की होगी।

## सामान्य सभा : दुकान के आरक्षण प्रस्ताव विलोपित किए, बाकी बहुमत से प्रस्ताव पारित

# स्पैरो पर कार्रवाई करने अड़े रहे विपक्षी मेयर: किसी का नहीं होने देंगे नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगरनिगम में कांग्रेस के कार्यकाल के अंतिम सामान्य सभा की बजट में स्पैरों कंपनी को लेकर विपक्षीय पार्षदों ने जमकर बवाल मचाया। कंपनी पर लाखों रूपए का आर्थिक अनियमितता होने के बाद भी कार्यवाही नही किए जाने पर हंगामा किया गया, खुद बाजार विभाग के प्रभारी ने कहा यह गलत हुआ हैं। इस पर मेयर ने कहा कि, किसी का नुकसान नही होने दिया जाएगा, कंपनी से नुकसान की भरपाई करेगें।

सामान्य सभा में जलगृह और गंज चौक में बने दुकानों के आबंटन नही होने का प्रस्ताव को विरोध के बाद वापस लिया गया। इस प्रस्ताव को यथावित रखकर फिर से निविदा बुलाई जाएगी। इसे लेकर नौ बार टेंडर होने के बाद भी दुकान नही बिकने पर विपक्षीय पार्षदों ने हंगामा मचाते हुए आरक्षण से बाहर दुकान नही बिकने पर सवाल उठाया। जिस पर एमआईसी प्रभारी अब्दुल गनी ने जवाब में कहा कि, नजूल जमीन का हस्तांतरण निगम को नही हुआ था। इसके आलावा एंजेडा में शामिल विकसित व अविकसित वार्डो के साथ संसोधन करते हुए अर्धविकसित इलाको में विकास शुल्क निर्धारित कर प्रस्ताव बहुमत से पारित किया गया। इसके अतिरिक्त एजेंडा क्रमांक 3 नियम निगम समिह्नन की व्यवसायिक परिसर की भूतल में निर्मित दुकानों के प्रथम तल रिक्त छत आबंटन किया जाकर लीज पर दिए जाने के संबंध में वर्तमान कलेक्टर गाइड लाइन दर पर भूतल पर निर्मित परिसर के 50 प्रतिशत दर पर छत आबंटन हेतु नियम शर्तो के अधीन लीज पर दिए जाने बहुमत से पारित किया गया है।

### विधायक गजेन्द्र यादव भी पहुंचे, बैठक को किया संबोधित कहा-नहीं करेंगे किसी के साथ भेदभाव









### इस तरह लिया जाएगा विकास शुल्क

एंजेडों में शामिल वार्ड 6 से 13, 22 से 36, 44 से 46 और 20 से 21 व 42 से 43 तक 45 रूपए वर्गफुट और वार्ड 1-5, 14 से 19, 37 से 41, 47 से 60 तक 80 रूपए का प्रस्ताव लाया गया था। लेकिन हंगामे के बाद इसमें अर्धविकसित को भी जोडा गया, इस तरह संसोधन प्रचलित दर में नियमानुसार प्रतिवर्ष 5% की वृद्धि को बहुमत से पारित किया गया है। बैठक में पार्षद नजहत परवीन ने उरला के आईएचएसडीपी के निवासियों के राशि को वापस कर उन्हें बेदखल नही किए जाने की मांग की।

### विपक्षीय पार्षदों ने उठाए सवाल

भाजपा पार्षद लीना दिनेश देवांगन द्वारा स्पैरो कंपनी द्वारा वसूले गए टैक्स से संबंधिक सवाल पूछे गए थे। उनके सवाल को राजस्व प्रभारी ऋषभ जैन (बाबू) ने सही ठहराया। पार्षद चमेली साहू के पेयजल की समस्या उठाया। प्रश्नकाल और एजेन्डों पर चर्चा के दौरान लोनिवि प्रभारी अब्दुल गनी, वित्त विभाग प्रभारी दीपक साहू, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी हमीद खोखर ने सवालो का जवाब दिया। वही छाया महापौर नरेन्द्र बंजारे, पार्षद शिवेन्द्र सिंह, ओमप्रकाश सेन (राकेश), देवनारायण चंद्राकर, काशीराम कोसरे, अजीत वैद्य, नरेश तेजवानी, पार्षद विजेन्द्र भारद्वाज, पार्षद नीता जैन, मदन जैन, कमल देवांगन, हेमा, जगदीश शर्मा, जयश्री जोशी व अन्य पार्षद मुखर रहे। एजेन्डे पर चर्चा के लिए सभापति राजेश यादव द्वारा सभी पार्षदों को पर्याप्त मौका दिया गया।

### कांग्रेस और भाजपा दोनों भिड़े

सामान्य सभा में भाजपा पार्षदों ने स्पैरो कंपनी पर कार्यवाही करने और शहर में जलापूर्ति नही होने का मामले पर सत्तापक्ष को घेरे रहे। जलगृह और गंज चौक के दुकान की बिक्री नही होने का मामला उठाया। इसी तरह कांग्रेस पार्षदों ने भी वर्तमान में अधोसंरचना मद से हो रहे नौ करोड रूपए के कार्यो को लेकर खिंचाई कर दी। मेयर धीरज बाकलीवाल ने विधायक की पर्ची पर स्वीकृति देने का आरोप लगाया, तो वही मदन जैन ने दोनो के कार्यकाल में ऐसी ही प्रथा होना बताया।

### मेयर ने कहा मानदेय हमारी सरकार ने बढ़ाया

एजेंडा में चर्चा के बाद मेयर धीरज बाकलीवाल ने अपने भाषण में कहा कि, निगम की अंतिम सभा में महापौर धीरज बाकलीवाल ने अपने 5 साल में किए गए विकास कार्यों की उपलब्धि गिनाई। हमने जो वादे जनता से किए थे, वह पूरा किया। उन्होने कहा हम जहां बैठक में मौजूद है, वहा श्रध्देय मोतीलाल वोरा सभागार बनाया। भूपेश की सरकार ने हमारे मानदेय में वृध्दि की थी। ठगडा बांध को विकसित करने, सीमार्ट के जरिए महिलाओं को रोजगार, दस हास्पिटल के जरिए इलाज, नेहरू नगर से मिनीमाता और जेल रोड तक चौडीकरण कार्य किया गया। उन्होने कहा नई सरकार ने करीब 80 लाख के कार्यो को निरस्त किया। जिसे फिर से स्वीकृति देने की मांग उन्होने कही हैं।

## जर्जर स्कूलों की होगी मरम्मत, विधायक ने दिलाई 50 लाख की स्वीकृति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जर्जर हो चुके शासकीय स्कूलों का मरम्मत को लेकर विधायक गजेन्द्र यादव के प्रस्ताव पर राज्य शासन ने पचास लाख रूपए की राशि स्वीकृत की हैं।

जर्जर भवन बाधा न बने इसे देखते हुए विधायक गजेंद्र यादव ने शासन से 4 स्कूलों के भवन मरम्मत कराने 50 लाख की स्वीकृति कराये है। विभिन्न आयोजनों में स्कूल पहुंचने पर शिक्षकों ने विधायक गजेंद्र यादव ने स्कूल परिसर में जर्जर हो चुके भवनो पर ध्यान आकृष्ट कराये थे। इसके कारण बच्चों की बैठक व्यवस्था प्रभावित होने की जानकारी स्कूल प्रबंधन द्वारा दिए थे। शिक्षकों ने बताया कि, दुर्ग शहर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत शासकीय स्कूलों के भवनो के दिवार एवं छत अत्यंत जर्जर हो चुके है तथा दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। जिसे देखते हुए इन भवनो के दीवारों एवं छतो के मरम्मत अति आवश्यक है।

### छूटे वार्ड के लिए मिलेंगे 6 करोड़ रुपए

शहर विधायक गजेंद्र यादव द्वारा विद्यार्थियों की बेहतर शिक्षा हेतु स्कूल भवन के मरम्मत कराने राशि स्वीकृत कराये है इसमें चंद्रशेखर आजाद उच्च. मा. स्कूल पंचशील नगर, पूर्व माध्यमिक कन्याशाला पंचशील नगर, पूर्व माध्यमिक शाला कातुलबोर्ड, पूर्व माध्यमिक शाला गयानगर शामिल है। निगम के सामान्य सभा में पहुंचे विधायक ने जानकारी दी कि, शहर के छुटे वार्ड में विकास कार्य कराने के लिए शासन से जल्द ही 6 करोड 18 लाख रूपए की स्वीकृति मिल जाएगी।

## कालेज में एड्स संक्रमण और लक्षण विषय पर व्याख्यान का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ रेड रिबन क्लब द्वारा कार्यक्रम का आयोजन

सेठ आर. सी. एस. कला एंव वाणिज्य महाविद्यालय में रेडरिबन क्लब द्वारा वार्षिक उन्मुखीकरण सहसंवेदीकरण के तहत एड्स संक्रमण और लक्षण विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एंव प्रमुख वक्ता श्रीमती नीतू मंडावी सहायक संचालक (यूथ) छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण समिति रायपुर उपस्थित थी। मुख्य वक्ता श्रीमती नीतू मंडावी ने एड्स संक्रमण के लक्षण एंव संक्रमण होने के कारणों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एचआईव्ही की जांच एकीकृत जांच एंव परामर्श केन्द्र में होता है। एचआईव्ही एड्स एक्ट 2017 के अंतर्गत व्यक्तिगत जानकारी गोपनीय रखी जाती है एवं जांच निशुल्क होता है। सभी जिला अस्पताल में इस संक्रमण का ईलाज मुफ्त होता है एवं दवाई भी मुफ्त दी जाती है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि नाको इंडिया की वेबसाईट पर संक्रमण की सम्पूर्ण जानकारी उपलब्ध है। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. पूजा मल्होत्रा, प्राध्यापक श्रीमती निधि मिश्रा, भावना यादव तथा रेड रिबन क्लब के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित होकर इस आयोजन का लाभ उठाया। कार्यक्रम का संचालन रेड रिबन सोसायटी की नोडल अधिकारी फरहा परवीन सिद्दीकी ने किया।

## जिला पंचायत परिसर में बिहान मेला आज और कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ दिवाली के साथ दैनिक उपयोगी उत्पादों का किया जाएगा विक्रय

कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश के मार्गदर्शन में 26–27 अक्टूबर 2024 को जिला पंचायत दुर्ग परिसर में बिहान मेला का आयोजन किया जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्र की स्व-सहायता समूह की दीदीयों द्वारा विभिन्न प्रकार के उत्पादन व सामग्रियों का निर्माण कर उन्हें विक्रय किया जाता है। जिला पंचायत दुर्ग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अश्वनी देवागंन ने बताया कि, हर वर्ष की तरह इस वर्ष में बिहान मेला का आयोजन जिला पंचातय परिसर में किया जा रहा है। बिहान राष्ट्रीय आजीविका मिशन दुर्ग में स्व-सहायता समूह की दीदियों द्वारा बनाए जा रहें विभिन्न उत्पादन व सामग्रियों का विक्रय हेतु एक मंच प्रदाय किया जा रहा है। इस बार लगभग 60 से अधिक स्व-सहायता समूह के उत्पादों को विक्रय हेतु प्रदर्शनी में लगाया जाएगा। स्व-सहायता समूह की दीदियों द्वारा अपने उत्पादन की सामग्री दिवाली त्यौहार के पूर्व सजावटी सामग्री, दीया बत्ती, मोमबत्ती, धान का झूमर, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, आचार, जैविक सब्जी, फिनाईल, उजाला, कपड़े, मसाले, अगरबत्ती, छत्तीसगढी व्यंजन आदि उत्पादन को बड़ी संख्या में विक्रय किया जायेगा।

## एक नवंबर से खरीदी और एमएसपी राशि बढ़ाने किसानों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ किसानों ने सीएम के नाम एसडीएम को सौंपा ज्ञापन




इस साल केन्द्र सरकार द्वारा बढाए गए एमएसपी दर को 31 सौ रूपए प्रति क्विंटल की दर में जोडकर किसानों को राशि भुगतान करने की मांग किसानों ने की है। इसके आलावा एक नवंबर से समर्थन मूल्य पर खरीदी किए जाने की मांग को लेकर किसानों ने हिन्दी भवन के सामने प्रदर्शन किया।

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील किसान संगठन द्वारा धमधा ब्लाक और संयुक्त किसान मोर्चा के साथ गांधी की मूर्ति के पास प्रदर्शन किया। किसानों ने पूर्व की भांति 1 नवंबर से खरीदी शुरु करने और केंद्र सरकार द्वारा धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य में प्रति क्विंटल 117/- का लाभ किसानों को प्रदान करने की मांग की गई। उल्लेखनीय है कि, सरकार ने इस साल धान खरीदी 14 नवंबर से शुरू करने का निर्णय लिया है। किसानों का कहना है कि, 14 दिन देर से खरीदी शुरू करने से अर्ली वेरायटी के धान के वजन में 5-7% तक कमी हो सकती है। जिससे किसान को 2 सौ प्रति क्विंटल तक नुकसान हो सकता है।

किसानों ने रैली निकाल कर जिला कार्यालय में छावनी एसडीएम श्री पिस्दा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। प्रदर्शन में तीनों किसान संगठन के एक सैकडों किसान शामिल हुए।

## पटाखे, कपड़े, क्राफ्ट मेला, मीना बाजार आदि दुकानों में लागू

# अस्थाई दुकानों को भी लेना होगा जीएसटी नंबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ राज्य शासन ने जारी किया आदेश

छग जीएसटी विभाग द्वारा स्थानीय प्रशासन को दीपावली पर स्टॉल लगाकर फटाके, कपडे, क्राफ्ट मेला, मीना बाजार इत्यादि को दुकान लगाने हेतु अनुज्ञा प्रदान करने के पूर्व केज्यूअल टैक्सपेयर के रूप में जीएसटी पंजीयन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य किया गया है।

जीएसटी अधिनियम की धारा 24 (11) के अनुसार किसी विशेष अवसर पर व्यापार करने के लिए अस्थाई तौर पर किसी अस्थाई जगह पर वस्तु या सेवा अथवा वस्तु एवं सेवा दोनों की आपूर्ति करना है। ऐसे प्रत्येक व्यवसाई को अनिवार्य रूप से कैज्यूअल टैक्सेबल परर्सन के रूप में जीएसटी पंजीयन प्राप्त करना अनिवार्य है। इसके लिए व्यवसाय प्रारंभ करने पूर्व पंजीयन लेने हेतु व्यवसाय में संभावित टर्नओवर दशति हुए अनुमानित अग्रिम कर जमा करना होता है। आकस्मिक कर योग्य व्यक्ति के रूप में जीएसटी पंजीयन अस्थाई पंजीयन होता है, जो केवल 90 दिनों तक प्रभावी रहती है तथा 90 दिनों के उपरांत पंजीयन स्वमेव समाप्त हो जाती है। इसे व्यवसायी अपनी आवश्यकता अनुसार पंजीयन अवधि बढ़ा भी सकते है।




### नहीं तो अधिनियम में जुर्माने का प्रावधान

उदाहरण यदि कोई फटाका या कपड़ा व्यापारी जिनका कोई स्थायी फर्म या दुकान नहीं है अथवा किसी विशेष स्थान पर है के द्वारा किसी शासकीय या गैर शासकीय मैदान, स्थान पर अस्थाई रूप स्टॉल, टेंट या दुकान के माध्यम से व्यापार करता है तो उन्हे पंजीयन प्राप्त करना अनिवार्य है। यह पंजीयन अस्थाई (90 दिवस के लिए) होती है। व्यवसायी चाहे तो पंजीयन प्राप्त कर केवल 5-10 दिन या उससे कम दिनों तक व्यवसाय कर सकता है। अधिनियम की धारा 122.125 के तहत बीस से 50 हजार की पेनाल्टी लगाई जा सकती है। अधिनियम के अनुपालन हेतु सहायक आयुक्त राज्य कर दुर्ग वृत्त-1 द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को निर्देश दिया गया है।

### ऐसे कर सकते है पंजीयन

जीएसडी विभाग के अधिकारियों ने बताया कि, कोई भी व्यक्ति जीएसटी डाट जीओवी पोर्टल पर विजिट कर पंजीयन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। इसके लिए व्यवसाई को अपना पेन, कार्ड एवं आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, ई-मेल आई.डी., अनुज्ञा पत्र (अनिवार्य नहीं) की आवश्यकता होगी। विभाग के राज्य कर निरीक्षक पूरब सिंह ठाकुर एवं शिवेन्द्र द्वारा बताया गया कि, कोई भी व्यक्ति कार्यालय संयुक्त आयुक्त राज्य कर (जीएसटी भवन), मालवीय नगर चौक दुर्ग के दुर्ग वृत्त 1 कार्यालय से संपर्क कर पंजीयन की प्रक्रिया के बारे में जानकारी ले सकता है अथवा पंजीयन की पक्रिया पूर्ण करा सकता है।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के लिए 29 तक आवेदन

दुर्ग। एकीकृत बाल विकास परियोजना जामगांव एम (पाटन-02) अंतर्गत विगत दिनों परिक्षेत्र पाहंदा में आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 03, की कार्यकर्ता की पद पूर्ति हेतु विज्ञापन जारी कर आवेदन आमंत्रित किया गया था। जिसमें संशोधन किया गया है। परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास परियोजना जामगांव एम (पाटन-02) से मिली जानकारी अनुसार उक्त विज्ञापन में रिक्त पद का विवरण कॉलम 4 (ग्राम/वार्ड का नाम) में संशोधन करते हुए उसे वार्ड क्रमांक 19 पढ़ा जाये। चूंकि कुम्हारी क्षेत्र के वार्डों का पुराने परिसीमन अनुसार आंगनबाड़ी केन्द्र कुगदा क्र.03 वार्ड 19 निर्धारित किया गया है। इस संबंध में आंगनबाड़ी केन्द्र जिस जगह स्थापित है उस जगह की स्थानीय निवासियों से पुनः आवेदन आमंत्रित किया जा रहा है।



## खबर संक्षेप

### अभाविप ने सौंपा ज्ञापन

**धमधा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद धमधा द्वारा शासकीय हॉस्पिटल धमधा में व्याप्त समस्याओं को लेकर शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी के नाम ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बताया गया कि शाम 7 बजे के बाद कोई डॉक्टर उपस्थित नहीं रहते हैं। साफ-सफाई पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दिया जाता। दवाइयों की अनुपलब्धता के कारण आमजन को निजी मेडिकल से दवाई लेना पड़ता है। एबीवीपी के नगर अध्यक्ष संजय यादव, वामन ताम्रकार, अभिषेक ताम्रकार, नोमेश कुर्रे, निखिल कुर्रे, शौर्य महोबिया आदि ने ज्ञापन सौंपा।

## निधन

### अर्जुन नायडू



**दुर्ग।** दीपक नगर वार्ड नंबर 23 गली नंबर 2 निवासी अर्जुन नायडू का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को शिवनाथ नदी मुक्तिधाम में किया गया।

### ग्राम गुरेदा के कुम्हार 20 साल से बना रहे मिट्टी के दीये

# घूमने लगे कुम्हारों की उम्मीदों के चाक दीपावली पर दीयों से घरों को करेंगे रोशन

संजय कुमार साहू ▶▶| अंडा

दीपावली के नजदीक आते ही कुम्हार दीये बनाने के काम में तेजी से जुट गए हैं। उन्हें उम्मीद है कि इस बार उनकी दिवाली भी रोशन रहेगी। बालोद जिले के गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम गुरेदा में जागेश्वर कुम्हार, डेहर लाल कुम्हार, देव किशन, राज बाई कुम्हार लगभग 20 सालों से इलेक्ट्रानिक चाक से मिट्टी को दीयों को बनाना शुरू हो गया है। पर्व दीपावली नजदीक आ चुकी है। ऐसे में दूसरों के घरों को रोशन करने के साथ ही अपने घर भी खुशियां लाने की उम्मीदों के साथ कुम्हारों का चाक घूमना शुरू हो गया है।

दीपावली 31 अक्टूबर को मनाई जाएगी। दीप पर्व पर मिट्टी के दीयों से घर को रोशन करने की परंपरा सदियों पुरानी है। इसका अपना अलग महत्व भी है। ऐसे में दीपावली

**मिट्टी के दीयों की है अपनी परंपरा, चाइनीज झालरों पर भारी पड़ेंगे स्वदेशी दीये**





के नजदीक आते ही कुम्हार दीये बनाने के काम में तेजी से जुट गए हैं। उन्हें उम्मीद है कि इस बार उनकी दीवाली भी रोशन रहेगी। मिट्टी के दीपक, मटकी आदि बनाने के लिए माता-पिता के साथ उनके बच्चे भी हाथ बंटा रहे हैं। कोई मिट्टी गूंथने में लगा है तो किसी के हाथ चाक पर मिट्टी के बर्तनों को आकार दे रहे हैं।

हालांकि पिछले कुछ समय में आधुनिकता के इस दौर में दीयों का स्थान बिजली के झालरों ने ले लिया है। ऐसे में कुम्हारों के सामने आजीविका का संकट गहरा गया है। चाइनीज झालरों ने इन कुम्हारों को और चोट पहुंचाई। इस कारण वर्ष भर इस त्योहार की प्रतीक्षा करने वाले कुम्हारों की दीवाली अब पहले की तरह रोशन नहीं रही।



# राष्ट्रपति मुर्मू के हाथों ईशा गोल्ड मेडल से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

■ एनआईटी रायपुर का 14वा दीक्षांत समारोह आयोजित

नवागांव सुरपा निवासी सोनराज जैन की पोती ईशा जैन पिता कांतिलाल जैन को एनआईटी रायपुर का 14वा दीक्षांत समारोह रायपुर में शुक्रवार को गोल्ड मेडल से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि ईशा जैन ने बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी इन बायोमेडीकल इंजीनियरिंग में 2023 में एनआईटी रायपुर पास आउट हुई थी। विदित हो कि ईशा जैन इन दिनों छत्तीसगढ़ से बाहर अपनी सेवाएं दे रही है।

### सरलता मानवता का आभूषण है

ईशा जैन ने कहा कि माता-पिता घर परिवार का संस्कार और सपोर्ट ने मन माफिक मंजिल पाने में जो मदद की है वह तो जीवन कृतज्ञता का विषय है। उन्होंने कहा कि संतान कितनी भी ऊंचाई छू ले माता-पिता की छत्र छाया तले ही वह उम्दा ढंग से फल फूल खिली रह सकती है। ईशा ने आगे कहा कि गांव और शहर से हम सबका गहरा नाता है। गांव में खेत खलिहान है शहर में कारोबार है। हम सौभाग्य शाली है गांव की सरलता और शहर का मार्डन कल्चर दोनों को फेश करने में कोई परेशानी नहीं आती। ईशा ने कहा कि सरलता किसी आभूषण से कम नहीं होती।


### ईशा बचपन से कुशाग्र है

ईशा जैन के पिता कांतिलाल जैन ने कहा कि ईशा बचपन से पढ़ाई में कुशाग्र है। संस्कार की प्रबल पक्षधर बिटिया को पढ़ाई में आगे बढ़ने में परिवार के सभी सदस्यों का हर पल सहयोग निरंतर मिला। बेटी की मेहनत रंग लाई परिवार को गौरवान्वित किया। आज गोल्ड मेडल राष्ट्रपति के हाथों मिला हम सबके के लिए गर्व का विषय है।




## बिजनेस साइट

### सहेली अलंकरण में मेकिंग चार्जेस और डायमंड वेल्यु पर छूट



**भिलाई।** आकाश गंगा सुपेला और जवाहर मार्केट पावर हाऊस स्थित सहेली अलंकरण आभूषणों की खरीदी का शानदार अनुभव लेने के लिए ग्राहकों को आमंत्रित कर रहा है। शो रुम में 22 कैरेट गोल्ड एचयूआईडी हॉलमार्क ज्वेलरी के मेकिंग चार्जेस पर 20% तक की छूट और डायमंड ज्वेलरी के डायमंड वेल्यु पर 10% तक की छूट का लाभ लिया जा सकता है। उपरोक्त ऑफर के अतिरिक्त सहेली अलंकरण में धनतेरस और दीपावली के लिए प्री- बुकिंग ऑफर में 50% का भुगतान कर आप अपने मनपंसद ज्वेलरी को बुक करा सकते हैं और धनतेरस और दीपावली के दिन होने वाले रश से बच सकते हैं। उपरोक्त दोनो शो रुम में गोल्ड, एंटिक, डायमंड और सभी वैवाहिक ज्वेलरी के एक्सक्लूसिव कलेक्शन उपलब्ध है। गौरतलब है कि लगातार 31 वर्षों से सहेली अलंकरण शो रूम ने ग्राहकों को लगातार मनमोहक, आधुनिक व पारंपरिक डिजाइन्स के आभूषणों का अविस्मरणीय अनुभव प्रदान करने की प्रतिबद्धता कायम रखी है। सहेली अलंकरण में शादी विवाह सहित सभी मंगलमय अवसरों के लिए ग्राहको को मनमोहक डिजाइन और लेटेस्ट ट्रेंड के अनुसार सोना, हीरा, चांदी, जड़ाऊ और पोल्की के गहनों का विस्तृत संग्रह मिलता है। उपरोक्त सभी ऑफर का लाभ सहेली अलंकरण के आकाश गंगा सुपेला भिलाई और जवाहर मार्केट पावर हाऊस स्थित शो रूम में जाकर लिया जा सकता है।

### नरेश टीवीएस में घूमो दुनिया और गिफ्ट ऑफर की धूम




**भिलाई।** रिसाली कृष्णा टॉकीज रोड में स्थित नरेश टीवीएस जो कि टीवीएस कंपनी का एकमात्र अधिकृत विक्रेता है। यहां दिपावली के त्योहारी सीजन पर उपहारों एवं ऑफर की धूम मची हुई है जिसे लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। नरेश टीवीएस के संचालक हिमांशु ने बताया कि हमारे यहां घूमो दुनिया ऑफर के तहत लक्की ड्रा के द्वारा इंटरनेशनल टूर जिसमें बाली, वियतनाम, कंबोडिया जैसे विदेशों की यात्रा निःशुल्क कराने की व्यवस्था है। इसके अलावा हर खरीदी पर निश्चित उपहार प्राप्त करने का ऑफर दिया जा रहा है। जिसमें स्क्रेच करने पर 6 हजार मूल्य तक के गिफ्ट पाने का सुनहरा अवसर ग्राहकों को दिया जा रहा है। कोई भी वाहन खरीदने पर हेलमेट फ्री दिया जा रहा है और एक्सटेंडेड इलेक्ट्रीकल वारंटी एक साल का अतिरिक्त दिया जा रहा है साथ में पेट्रोल फ्री दिया जाएगा। नरेश टीवीएस में सर्विसिंग की सुविधा उपलब्ध है। नरेश टीवीएस में गिफ्ट पाकर ग्राहक खुश हो रहे हैं। यहां नई टीवीएस जूपिटर 110, टीवीएस एनटार्क, राइडर स्पोर्टस, अपाचे, टीवीएस एक्सल 100, इलेक्ट्रीक आइक्यूब आसान किस्तों पर कम डाउन पेमेंट पर बैंक द्वारा फाइनेंस करने की सुविधा उपलब्ध है। ग्राहकों से अपील की गई है कि एक बार नरेश टीवीएस में आकर अवश्य देखें।

### सोनू फैमिली कलेक्शन और फैंसी स्टोर में में दिवाली ऑफर



**भिलाई।** महाराणा प्रताप नगर बोरसी दुर्ग स्थित सोनू फैमिली कलेक्शन एवं फैंसी स्टोर में सभी प्रकार के मेन्स वियर, लेडिस वियर, किड्स वियर, जींस, शर्ट, टी-शर्ट, कुर्ता, शेरवानी, टाप, साड़ी, कुर्ती, सेटलेगिंस, नायर केट, प्लाजो सेट, आकर्षक दामों पर उपलब्ध है। संचालक सोनू सोनवानी ने बताया कि दिवाली के शुभ अवसर पर प्रत्येक खरीदी पर आकर्षक उपहार दिया जा रहा है। यहां सभी डिजाइनों के ब्लाउज एवं सलवार सूट की सिलाई की जाती है। साड़ी में पीको फाल एवं ब्लाउज अस्तर मिलते हैं। इसके अलावा सभी प्रकार के बैंगल्स, गिलास एण्ड मेडल, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, प्लास्टिक बैंगल्स, हियरिंग और चेंस एवं कास्मेटिक आइटम उपलब्ध है।

### जैन भवन में रेडीमेड सेल का सबसे बड़ा डिस्काउंट ऑफर



**भिलाई।** गुरुद्वारा के पास, सेक्टर-6 स्थित जैन भवन में रेडीमेड सेल द्वारा पहली बार एक अनोखी 101% ओरिजिनल प्रदर्शनी का आयोजन किया गया है। यह विशेष आयोजन केवल सीमित दिनों के लिए उपलब्ध है, जहां ग्राहकों को सीधे रिटेल स्तर पर 90% तक की छूट दी जा रही है। यह ऑफर दुर्ग-भिलाई के इतिहास में अब तक का सबसे बड़ा डिस्काउंट ऑफर माना जा रहा है। आयोजकों का दावा है कि इस प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में उच्च गुणवत्ता वाले गारमेंट्स उपलब्ध हैं, जिनमें बच्चों के कपड़े, लेडीज गारमेंट्स, और जेंट्स गारमेंट्स शामिल हैं। यह छूट ऑनलाइन कीमतों से भी सस्ती है और ग्राहकों को विशेष रूप से आकर्षित कर रही है। संचालक का संदेश है कि सीजन के पहले स्टॉक को ग्राहकों तक कम कीमत पर पहुँचाना हमारा उद्देश्य है, ताकि सभी ग्राहक बेहतरीन क्वालिटी के कपड़े किफायती दाम पर प्राप्त कर सकें। खरीदारी का मौका हाथ से न जाने दें। जैन भवन में आयोजित इस प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में ग्राहक आ रहे हैं। यह डिस्काउंट ऑफर कुछ ही दिनों के लिए है।

# पुलिस साइबर प्रहरी ग्रुप से बढ़ रही जागरुकता, बीट प्वाइंट पर गश्त बढ़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

■ शाउमा शाला विनायकपुर में बच्चों को दी जानकारी

दुर्ग ग्रामीण विधान सभा क्षेत्र के अंडा थाना क्षेत्र में अपराधों से बचने ग्रामीणों में जनजागरुकता बढाने सहित कानून की जानकारी दिया जा रहा है। जिसमें थाना पुलिस अंडा लगातार स्कूल, कॉलेज में लगातार साइबर अपराधों से बचने नई पहल करते हुए साइबर प्रहरी ग्रुप शाउमा शाला विनायकपुर स्कूल प्रांगण में साइबर प्रहरी में स्मार्ट फोन से व्हाटसअप ग्रुप हजारों व्यक्ति जुड़कर साइबर अपराधों पर नई सूचना व सचेत, साइबर ठगी से बचने आमजनों को जागरुक कर रही है। इसकी मानिटरिंग कन्ट्रोल पांइट से होती है। युवाओं, महिलाओं, वरिष्ठ ग्रामीणों को साइबर अपराध से बचने व गांव में अपराधों को कम करने सटीक जानकारी देते हुए थाना अंडा एएसआई तुलसी राम साहू ने बताया कि घर में नगदी व कीमती गहनों को न रखे, नगदी हमेशा बैकों में रखें, घरों में अनजान व्यक्ति, घुमन्तु, फेरी से समान लेना बंद करें। आज के वैज्ञानिक युग में अंधविश्वास के फेर में बिल्कुल न पड़े। संदेह होने पर तुंरत पुलिस व साइबर फ्राड होने साइबर क्राइम हेल्पलाइन नं. 1930 कॉल करें। अपना बैंक एकाउण्ट नंबर, पासवर्ड आदि किसी को न बताएं। इंटरनेट बैंकिंग ट्राजेक्शन का इस्तेमाल कभी भी सार्वजनिक जगह, कैफे, पार्क, सार्वजनिक मीटिंग और किसी भीड़ भाड़ स्थान में नहीं करें। एटीएम पिन कोड को लिखकर न रखे। अंडा थाना प्रभारी डॉ. भानुप्रताप साव ने बताया कि थाना क्षेत्र अंडा के पूरे 19 गांव में पुलिस टीम जागरुक कर अच्छी पहल कर रही है। वहीं पुलिस की तिरछी नजर 112 व पुलिस गश्त होने से क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी हुई। इस कार्यक्रम में शाला के प्राचार्य मंजीत सिंह राजपूत, शिक्षक भातेंद्र गंगराले, सरस्वती उमरे, रोहित देशमुख, देवश्री साहू, शैलेन्द्र साहू, मालती साहू, पूर्णिमा कोशले, ममता तिवारी, उषा ठाकुर, लीना जोशी, मीनाक्षी नेताम, प्रेमलता, योगी देवांगन , गुलशन चंद्राकर, संकुल समन्वयक किशोर दिल्लीवार, दीपमाला यादव, तरुण साहू एवं सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### मिनी उद्यान निर्माण कार्य के लिए हुआ भूमिपूजन



**भिलाई।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत रिसाली के प्रगति नगर में श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर में बनने वाले लघु उद्यान का भूमिपूजन विधिवत पूजा-अर्चना के साथ सम्पन्न हुआ। इस उद्यान का निर्माण पार्षद निधि से 6 लाख की लागत से किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर सम्मिलित हुए। उद्यान के निर्माण से क्षेत्रवासियों को एक सुंदर और स्वच्छ स्थान मिलेगा, जहां वे सुकून के पल बिता सकेंगे। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद और क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में भाग लिया और क्षेत्र के विकास हेतु अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर वार्ड पार्षद धर्मेंद्र भगत, सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, रिसाली मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेंडे, महामंत्री राजू जंघेल, श्रीकांत राहतगवाकर, मंजू लता पांडे, शिल प्रकाश, अनुपम गोस्वामी, मधु वंदना, गीता गुप्ता, पुष्प लता, विष्णु मिरा सिंह, सरस्वती देवी, रामानंद राय, विनोद कुमार वर्मा, सीके पारधी, महेंद्र बेगानी सहित आदि उपस्थित थे।







### खुर्सीपार में कबड्डी व चौसर प्रतियोगिता 4 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| निकुम

सुभाष नवयुवक मंडल एवं समस्त ग्रामवासी खुर्सीपार के तत्वावधान में आगामी 4 नवम्बर सोमवार को भव्य पांरपरिक राउत नाच कर मातर उत्सव में दोपहर 2 बजे कबड्डी व चौसर प्रतियोगिता होगी। जिसमें कबड्डी में प्रथम पुरुस्कार 10001 रुपये क्रमशः द्वितीय 7001 रुपये , तृतीय 5001 रुपये व चतुर्थ 3001 रुपये व ट्राफी व चौसर में प्रथम पुरुस्कार 7001 रुपये क्रमषः द्वितीय 5001 रुपये, तृतीय 3001 रुपये व चतुर्थ 2001 रुपये चौसर विजेताओं को दिया जायेगा। गौर हो कि पूरे अंचल में ग्राम खुर्सीपार में मातर उत्सव की अलग ही पहचान है। वही रात्रि 9 बजे छत्तीसगढ़ी नाचा जय हिंद नाच पार्टी कटोरी कबीरधाम की मनमोहक प्रस्तुति होगी। यह जानकारी आयोजक समिति प्रमुख नोखे बेलचंदन ने दी।




विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130



न्यु ओम ज्वेलर्स
हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
• मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें • जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी

कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
फेस लिफ्ट



■ बोटाक्स-फिलर
■ थ्रेड लिफ्ट
■ स्किन पॉलिशिंग
■ लेज़र फेशियल
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay Advt.

## खबर संक्षेप

### कलामंदिर में जगजीत सिंग नाइट आज

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीडा सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा महात्मा गाँधी कला मंदिर, सिविक सेंटर में शनिवार को जगजीत सिंह नाईट संगीत कार्यक्रम का आयोजन शाम 7:30 बजे से किया जा रहा है।मुंबई से अंतर्राष्ट्रीय वायलीन वादक व गायक दीपक पंडित व गायक प्रभंजय चतुर्वेदी प्रस्तुति देंगे। संगतकार भालचंद्र शेगेकर व रामचंद्र सर्पे, दिलीप शर्मा, भगवत साहू, देवव्रत मजूमदार व दीपंकर दास, दुष्यंत हरमुख हैं। कार्यक्रम में प्रवेश पूर्णतया निःशुल्क है।

### बाइक चोर गिरफ्तार

**भिलाई।** बाईक चोरी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ धारा 303(2) के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि मैत्री विहार निवासी संजय शाह ने शिकायत दर्ज कराई थी कि राधिका नगर सुपेला स्थित काली बाडी में अपनी बाइक सीजी 07 एलएच 4638 को खडा किया था। अज्ञात ने उसे पार कर दिया। सुपेला पुलिस ने सूचना पर कृष्णा नगर सुपेला निवासी युवराज सोनी को पकडा। पूछताछ में आरोपी ने बाइक चोरी करना स्वीकार किया। बाइक की कीमत 50 हजार रूपए आंकी गई है। आरोपी से बाइक को जब्त किया गया।

## निधन

### चंदा सेन



**भिलाई।** राम मंदिर के पीछे बजरंग पारा वार्ड भिलाई-3 निवासी चंदा सेन उम्र 70 वर्ष का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को सुबह 10 बजे एकता नगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे प्रेमलाल, रेमुन व जवाहर सेन की मां थीं।

तीसरी बार चुने जाने पर सेफी के मुद्दों पर खास बातचीत, नगरनार व आरआईएनएल का हो रणनीतिक विलय

# सेल बने देश की सबसे बड़ी कंपनी, इस्पात उद्योगों का न हो विनिवेशः सेफी चेयरमेन एनके बंछोर

विमल शंकर झा ▶▶| भिलाई

**अधिकारियों का मनोबल बढ़ाने मिले डासा व हार्डशिप एलाउंस, एक्सपांशन प्रोजेक्ट के लिए रावघाट में जल्द हो दोहन**

नवनिर्वाचित सेफी ( स्टील एक्जीक्यूटिव आफ फेडरेशन) चेयरमेन एनके बंछोर ने कहा है कि सेल को प्राफिट में लाना उनकी सबसे बड़ी चुनौती है और इसे देश की नंबर वन कंपनी बनते देखने का उनका एक बड़ा सपना है। हर किसी को जिंदगी से जुड़ा हुआ है सेल को हर साल 10 हजार करोड़ का प्राफिट होना चाहिए। सरकार को आरआईएनएल, नगरनार आदि घाटे वाले इस्पात उद्योगों के विनिवेश के बजाए इन्हें रणनीतिक क्षेत्र में लाकर विलय किए जाना चाहिए। सेफी इसके लिए पुरजोर प्रयास करेगा । सेल के हर अधिकारी के चेहरे पर मुस्कान हो,हमारी ऐसी कोशिश होगी।

भिलाई इस्पात संयंत्र आफिसर्स एसोसिएशन के चार बार के अध्यक्ष उप महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत नरेंद्र कुमार बंछोर सेल के इतिहास में ऐसे दूसरे अधिकारी हैं, जो लगातार तीसरी बार सेफी के अध्यक्ष चुने गए हैं। इसके पहले राउरकेला के ब्रह्मा मिश्रा ही 4 मर्तबा सेफी चेयरमेन बने थे। श्री बंछोर ने हरिभूमि से बीएसपी सहित सेल के विभिन्न मुद्दों पर खास मुलाकात में कहा कि तीसरी पर सेल के 20 हजार एक्जीक्यूटिव का प्रतिनिधित्व करने का सुअवसर मिलना गौरव के साथ एक जिम्मेदारीभरा एहसास भी है। मेरी प्राथमिकता सेफी को सुदृढ़ करने के साथ सभी सदस्यों के चेहरे पर मुस्कान लाने के साथ सेल को प्राफिट में लाकर नं. वन कंपनी बनाने का प्रयास करना है। अभी पहले नंबर पर टाटा व जेएसडब्ल्यू ग्रुप है। सरकार के इस्पात उद्योगों के निजीकरण या विनिवेशीकरण के प्रयास के सवाल पर उन्होंने बताया कि इस्पात जनता की अनिवार्य जरुरत है। देश व जनहित में इस्पात उद्योगों का विनिवेशीकरण उचित नहीं है। सेफी शुरु से सरकार से आरआईएनएल, नगरनार इस्पात संयंत्र को टेलीकाम की तरह रणनीतिक क्षेत्र में लाकर सेल में विलय करने की मांग पर दृढ़ है। इन्हें सेल में रणनीतिक मर्जर कर एक मेगा पीएसयू बनाने से सभी को लाभ होगा। कोविड आदि आपातकालों में बड़ी मदद करने वाले इस्पात उद्योगों के निजीकरण करने से स्टील का रेट बढ़ने से जनता को भी परेशानी होगी। फिर 2010 में एनएसपीसीएल का निर्माण भी तो बीएसपी की हालत खराब होने पर ही बना था। अधिकारियों के अफोर्टेबिलिटी क्लाज को हटाने के बारे में श्री बंछोर ने कहा कि सरकार के लगातार 3 वर्ष प्राफिट के नियम से अधिकारियों को नुकसान हो रहा है। हमें पे रिवीजन का लाभ 1.4 2024 के बजाए लाभ 1.1.17 से मिलना चाहिए । सेफी का प्रयास है कि सभी अधिकारियों और वर्कर्स का मनोबल बढ़ाकर सेल को प्राफिट में लाया जाए ताकि 24,25 के साथ 25,26 के प्राफिट का चौथा पे रिवीजन का लाभ सभी को मिलने लगे। 2008,10 बेच के अधिकारियों की वेतन विसंगति व जूनियर का अधिक वेतन पर कहा कि कई अधिकारियों के केस साल्व हो गए हैं कुछ बचे हैं, जिनका प्रयास जारी है। हमारा सपना है कि सेल को हर साल 10 हजार करोड़ का प्राफिट हो,ताकि सभी अधिकारियों, कर्मियों को लाभ हो । ग्रेच्युटी पर सीलिंग हटाने के मुद्दे पर कहा कि 50 प्रतिशत डीए बढ़ जाने पर ग्रेज्युटी स्वमेव बढ़ जाएगी, 5 लाख राशि का लाभ होगा। हमने 2022 के अधिकारियों को बोनस व पीआरपी नहीं मिलने के एवज में एडहाक एडवांस दिए जाने का सेल प्रबंधन से आग्रह किया है।

### हायर पेंशन प्रयास तेज, फिर मिले डासा

सेफी चेयरमेन एनके बंछोर ने बताया कि सेल हायर पेंशन से सभी को लाभान्वित करने के लिए आगामी संसद सत्र में सेफी केंद्रीय श्रम मंत्री से चर्चा करेगा। जल्द समाधान नहीं होने पर हम फिर कोर्ट से न्याय मांगेंगे। इस मामले में हम पहले सुप्रीम कोर्ट से केस जीत चुके हैं। उन्होंने कहा कि सेफी सदस्यों की सुविधाएं बढ़ाने प्रयास तेज करेगा। सेल प्रबंधन अंडरग्राउंड माइंस व समुद्र के अंदर काम करने वाले कार्मिकों की तरह सेल के संयंत्रों में कठिन परिस्थितियों में डिफिकल्ट एरिया में काम करने वालों को फिर से डासा ( डिफिकल्ट एरिया एलाउंस) लागू करे। थर्ड पीआरसी में इसका लाभ मिले। इसके आलावा कर्मचारी से अधिकारी बनने वालों का इंसेटिव व बोनस बंद हो गया है, पीआरपी प्राफिट पर ही मिलता है। लिहाजा इन्हें हार्डशिप एलाउंस मिलना चाहिए। 022 के अफसरों को पीआरपी नहीं मिला। 20 के लोगों को मात्र 9 हजार ही मिला, जो कम है। एलाउंस मिलने से मनोबल बढ़ेगा। सेफी सीपीएफ पर मिलने वाले ब्याज की टेक्स सीमा ढाई लाख से 5 कराने और मेडिक्लेम की राशि पर लगने वाले अत्यधिक 18 प्रति. जीएसटी और एचए पर्क्स को भी हटवाने के लिए प्रयास तेज किया जाएगा। 5 हजार टैक्स गलत है। हम नान वर्क्स में बचे अधिकारियों को कम्यूटर टेबल आदि सुविधा दिलाने कोशिश करेंगे।

Steel Executives Federation of India



### खास बातें

■ टाउनशिप में बने नए क्वार्टर्स व जेएलएन हास्पिटल में बढ़ें सुविधाएं

■ वेतन विसंगति निदान के लिए तेज होगी कोशिश

### सरकार चीन पर लगाए एंटी डंपिंग ड्यूटी

बीएसपी के एक्सपांशन प्रोजेक्ट में विलंब के प्रश्न पर श्री बंछोर ने कहा कि प्रोजेक्ट में विलंब की वजह 7 मिलियन टन उत्पादन के लक्ष्य के अनुरुप पर्याप्त रा मटेरियल नहीं है। प्रबंधन व सेफी के सतत प्रयास से पर्यावरण क्लीयरेंस मिलने के बाद रावघाट में खनन शुरु हो गया लेकिन प्रशासनिक स्तर पर देरी और रावघाट रेल ट्रैक निर्माण धीमा होने से पर्याप्त मात्रा में खनन में विलंब हो रहा है। रावघाट माइंस का जल्द पूरा दोहन किया जाए। श्री बंछोर ने बताया कि सेफी ने चीन के अपने मनमाने स्टील डंप करने पर केंद्र सरकार से एंटी डंपिंग ड्यूटी आयात शुल्क लगाने की मांग की है, ताकि हमारा स्टील प्रभावित न हो। इससे सेल को प्राफिट मे लाने में सेफी व प्रबंधन के प्रयास में गतिरोध नहीं आएगा। बीएसपी में मेन पावर कम होने से लागत में गिरावट आने पर भी बुनियादी व चिकित्सा सुविधा में गिरावट पर उन्होंने कहा कि प्रबंधन कोशिश कर रहा है लेकिन वर्कर्स के रिटायर होने पर कांट्रेक्ट लेबर बढ़ने से कास्ट में ज्यादा अंतर नही है।

### टाउनशिप व जेएलएन में बढ़े सुविधाएं

बीएसपी टाउनशिप और सेक्टर 9 जेएलएन हास्पिटल में बढ़ रही समस्याओं के सवाल पर सेफी चेयरमेन श्री बंछोर ने कहा कि सेफी ने प्रबंधन से सुविधाएं अपडेट करने का आग्रह किया है। सुधार हो भी रहा है। हमने 50 साल पुराने हो चुके आवासों को डिस्मेंटल कर नए और बड़े मकान बनाने की मांग की है। इससे वर्कर्स को सुविधा होगी। प्रबंधन के थर्ड पार्टी को बीएसपी अधिकारियों के आवास को लायसेंस पर पर थर्ड पार्टी को प्राथमिकता देने के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि हमारा एम्पलाई जरुरी है। ओए ने तो थर्ड पार्टी को बड़े मकान नहीं देने बल्कि जो बाहर रह रहे, उनके मकान खाली कराने आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि सेक्टर 9 हास्पिटल में सुविधाएं बढ़ाने सेफी प्रबंधन स्तर पर प्रयास क रहा है। फोर्थ पीआरसी से डाक्टर्स बढ़ेंगे। हमने डाक्टरों की रिटायरमेंट उम्र बढ़ाने और नान प्रेक्टिश एलाउंस देने का सुझाव प्रबंधन को दिया है।

# हड़ताल की तैयारी के बीच कॉन्सुलेशन शुरु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

सीटू के महासचिव जगन्नाथ प्रसाद त्रिवेदी ने कहा कि अचानक दिल्ली से लेकर संयंत्र के निचले स्तर तक 28 अक्टूबर के हड़ताल को लेकर काउंसलिंग का दौरा शुरू हो गया है । यह कॉन्सुलेशन मीटिंग पिछली बार लोकसभा चुनाव के पहले केंद्रीय श्रम आयुक्त के स्तर पर आयोजित हुआ था । उन्होंने ढाई महीने में सब कुछ समाधान कर लेने की बात कही थी। बावजूद इसके उस बैठक में आश्वासन देने वाला प्रबंधन केंद्रीय श्रम आयुक्त एवं यूनियनों के सामने किए हुए वादों को पूरा नहीं किया ।अब केंद्रीय श्रम आयुक्त पर वर्कर्स की नजरें टिकी हैं।

सीटू के सहायक महासचिव टी जोगा राव ने कहा कि दिल्ली रायपुर व भिलाई की उच्च प्रबंधन द्वारा कॉन्सुलेशन बैठक बुलाना तो समझ में आता है लेकिन जब स्थानीय प्रबंधन बैठक बुलाकर यूनियनों से चर्चा करता है तो वह समझ से परे है ।क्योंकि कि जिन मांगों को लेकर हड़ताल आयोजित है उनमें से एक भी मांग पर स्थानीय प्रबंधन कुछ भी बोल पाने की स्थिति में नहीं है। 5 जून 2023 को सीटू ने संयंत्र के सभी मुख्य महाप्रबंधकों को लंबित मुद्दों को लेकर मांग पत्र दिया था। उस समय मुख्य महाप्रबंधकों ने कहा था कि यह हमारे दायरे से बाहर की बात है यहां तक की ठेका मजदूरों को पूरा वेतन दिलाने की जिम्मेदारी स्थानीय प्रबंधन की है ।

### लंबित पे रिवीजन को लेकर प्रबंधन उदासीन

सहायक सचिव केवेंद्र सुन्दर ने कहा कि प्रबंधन द्वारा अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच किए जा रहे भेदभाव पूर्ण रवैया किसी से छुपा हुआ नहीं है। यदि प्रबंधन कर्मियों के प्रति चिंतित होता तो कर्मियों का वेतन समझौता 93 महीने से लंबित नहीं रहता, कर्मचारी विरोधी भ्रामक बोनस फार्मूला नहीं लाया गया होता, कर्मियों की लंबित मांगों को अधर में नहीं लटकाया गया होता। जबकि कर्मी लगातार संयंत्र के उत्पादन को बनाए रखते हुए नए नए कीर्तिमानों को स्थापित करता रहता है जिसके बूते पर प्रबंधन हजारों करोड़ का मुनाफा करने का आंकड़ा जारी करता है।

■ सीटू ने कहा लंबित मांगों के प्रति प्रबंधन हो गंभीर





# स्काउट, गाइड्स से मजबूत होगा राष्ट्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के शिक्षा विभाग एवं भारत स्काउट एवं गाइड जिला संघ, भिलाई के तत्वावधान में बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर– 4 शाला भवन में आयोजित स्काउट्स और गाइड्स का तीन दिवसीय शिविर का समापन शुक्रवार को बच्चों के रंगारंग कार्यक्रम के साथ हुआ। समापन समारोह में मुख्य अतिथि सीजीएम उत्पल दत्ता थे। रैली में 9 बीएसपी स्कूलों के 226 छात्र शामिल हुए। श्री दत्ता ने प्रतिभागी विद्यार्थियों के टेंट पिचिंग का निरीक्षण किया और गाइडस् द्वारा निर्मित रंगोली और हस्त कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि स्काउट गाइड रैली बच्चों के जीवन निर्माण





करने की एक प्रयोगशाला है।

### बच्चों ने दी मोहक प्रस्तुति

बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर–10 एवं भिलाई विद्यालय सेक्टर–2 के स्काउट–गाइड ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। मूल्यांकनर्ताओं को भी सम्मानित किया गया। ईएमएमएस सेक्टर–1 के स्काउट–गाइड द्वारा ड्रिल प्रस्तुत किया गया। डीजीएम राजेंद्र प्रसाद, प्राचार्य रूबी बर्मन राय, जिला आयुक्त सरिता शाक्या जिला सचिव वीआर कटियार उप प्रबंधक अशोक सिंह तथा विभिन्न बीएसपी स्कूलों के प्रमुख भी उपस्थित थे।

# गांजा तस्कर को मिली 20 साल की सजा

**भिलाई।** गांजा तस्करी करने वाले आरोपी को दुर्ग न्यायालय ने 20 वर्ष की सजा और 1 लाख रुपए का जुर्माना की सजा दी है। मिली जानकारी के मुताबिक विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट सुनीता टोप्पो ने आरोपी को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (ख) (2)(ग) सहपाठी धारा 29 के तहत सजा सुनाया है। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक एनडीपीएस एक्ट विजय कसार ने पैरवी की थी। पुलिस को 25 अक्टूबर 2023 को मुखबिर से सूचना पर कार में गांजा रखकर उड़ीसा से अभनपुर होते हुए भिलाई लाया जा रहा है। खबर लगने पर पुलिस ने घेराबंदी करते हुए कार सीजी 07 एम ए 0099 को रोका। कार में आरोपी सेक्टर 7 निवासी शेख सिराजुल और सुपेला सुंदर जीत जाल कार में सवार मिले। पुलिस ने कार की डिग्गी की तलाशी ली तो एक प्लास्टिक की बोरी में 22.380 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा जब्त किया था। उसके बाद पुलिस ने कार्रवाई कर दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया था।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301



online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
By Train-रिजर्वेशन कोच
06 नवम्बर से 18 नवम्बर 2024, 20 दिसंबर से 01 जनवरी 2025
24 जनवरी से 05 फरवरी 2025, 21 फरवरी से 05 मार्च 2025
02 मार्च से 19 मार्च 2025
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
जनकपुर(सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी, पशुपतिनाथ, लुम्बिनि (भगवानबुद्ध का जन्म स्थान), माँ मनोकामना देवी, पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव, डेविड फाल, विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक),काठमांडू (भोलेनाथ मंदिर, बुढ़ानिलकंड, सांघा), काठमांडू दरबार, भक्तपुर,गोरखनाथ मंदिर, अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), वाराणसी (काशी विश्वनाथ)
राशिः-स्लीपर 18500/- 3 एसी 27,500/-2 एसी 30,500/-(+ 5% GST )
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D 36 Sector 4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

हरिभूमि लाइव

रायपुर, शनिवार 26 अक्टूबर 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at - 9755819129





लंदन वीक का जलवा

## लाइव इवेंट

### सूकर पालन के लिए एनएलएम, नाबार्ड पोषित योजनाएं, बैंकों से मिल रहा आसानी से लोन




**भिलाई।** सूअर पालन से दोगुनी या इससे ज्यादा की आमदनी हो सकती है। सूकर पालन को लेकर तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कामधेनु विश्वविद्यालय परिसर में किया गया। इसमें प्रदेशभर के 45 से ज्यादा किसान, व्यापारी शामिल हो सकते हैं। कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह और वेटनरी कॉलेज के डीन डॉ. संजय शाक्य के मार्गदर्शन में यह शिविर आयोजित किया गया। प्रशिक्षण प्रभारी डॉ. रामचंद्र रामटेके ने बताया कि सूकर पालक किसानों एवं उद्यमियों के विशेष मांग पर तीन दिवसीय सूकर पालन प्रबंधन एवं उद्यमिता विकास में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। उन्होंने बताया कि सूअर हर छह-छह महीने में 10-10 बच्चे तक जन्म देती है। नार्थ इस्ट और आदिवासी अंचलों में सूअर का मांस खूब पसंद किया जाता है। इसकी खासी डिमांड है। छत्तीसगढ़ में सूकर पालन की संभावनाएं हैं। यह क्षेत्र जलवायु के लिहाज से उपयुक्त हैं। प्रशिक्षण के दौरान उनके आवास एवं सामान्य प्रबंधन, आहार प्रबंधन, सूकर में आकस्मिक शल्य चिकित्सा एवं प्राथमिक उपचार, सूकर में होने वाली महत्वपूर्ण बीमारियां, उनका टीकाकरण, रोकथाम, छत्तीसगढ़ एवं भारत सरकार द्वारा सूकर पालन को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई। आयोजन में विशेष रूप से डॉ.लक्ष्मी अजगले, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ राज्य पशुधन विकास अभिकरण, अधिष्ठाता डॉ. सुशांत पाल, निदेशक फार्म डॉ.धीरेंद्र भोंसले, प्रशिक्षण आयोजक डॉ.रामचंद्र रामटेके, सहायक प्राध्यापक डॉ. दिलीप चौधरी, डॉ. काशीराम बघेल, डॉ.आशुतोष तिवारी, डॉ. ओसामा कलीम, डॉ. दीप्ति किरण बरवा, डॉ.केशर परवीन आदि मौजूद थे। शिविर में बताया गया कि एनएलएम (नेशनल लाइवस्टॉक मिशन) एवं नाबार्ड पोषित योजनाएं, आवेदन प्रक्रिया, बैंक लोन की प्रक्रिया आसान है। 45 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. केशर परवीन ने किया।

- तीन दिवसीय सूकर पालन प्रबंधन एवं प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

## सिटी इवेंट

### क्षत्रिय लोनारी कुनबी समाज की विशेष बैठक, भवन निर्माण हेतु अनुदान मिलने का आश्वासन




**भिलाई।** क्षत्रिय लोनारी कुनबी समाज विशेष सभा अध्यक्ष अनिल भोसले की अध्यक्षता में जगदंबा मंदिर हुडको में हुई। भोसले ने बताया कि सामाजिक भवन में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए अनुदान पत्र सांसद विजय बघेल एवं विधायक रिकेश सेन को सौंपा गया है। इस पर सांसद एवं विधायक ने भवन निर्माण के लिए अनुदान देने का आश्वासन दिया। अध्यक्ष ने कार्यकारिणी द्वारा किए जा रहे कार्यों के बारे में एवं धारा 27 व धारा 28 विधिवत जमा करने तथा पंजीयन की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन करने, नियमावली में संशोधन की कार्यवाही से सदस्यों को अवगत कराया। कोषाध्यक्ष परसराम भागबोले द्वारा आय-व्यय की जानकारी दी। भवन प्रभारी विजय गावड़े ने भवन में किए गए रिपेयर कार्य, छत में सीपेज को रोकने, फ्लोरिंग या टीन शेड निर्माण का प्रस्ताव रखा।

### नशामुक्ति को लेकर चलाया जा रहा अभियान, बैठक में दी जानकारी

कल्याणी संस्था के संयोजक अजय कल्याणी द्वारा नशामुक्ति अभियान के बारे में बताया तथा समाज के सदस्यों को नशा नहीं करने हेतु प्रेरित किया था तथा नशा नहीं करने का संकल्प भी दिलवाया गया। संरक्षक सदस्य आरएन फाटे ने किए जा रहे सकारात्मक कार्यों की तारीफ की। पूर्व अध्यक्ष शंकर वराठे ने पारदर्शिता के साथ कार्य करने के लिए बधाई दी। तथा छात्र छात्राओं हेतु समाज की ओर से प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी की व्यवस्था करने कहा। सदस्य एसआर डोंगरे ने कहा कि समाज के खाते में पहली बार एक अच्छी राशि जमा हुई है। उपाध्यक्ष आनंद राव गीद ने उपस्थित सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

बैठक में संरक्षक सदस्य एमआर धोटे, वामन भराडे, आनंद राव गीद, बुधवार गायकवाड़, दिलीप बारस्कर, एस माकोडे, सुरेश खांडवे, एस आर डोंगरे सहित अन्य मौजूद थे।

● भौम प्रदोष, त्रिपुष्कर, ऐंद्र, वैधृति योग और उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र का भी शुभ योग

# धनतेरस के लिए बाजार गुलजार, भौम प्रदोष सहित 3 शुभ संयोग के कारण 29 को खरीदारी सबसे ज्यादा फलकारी

इस दीपावली पैसों की बरसात होने वाली है। बाजार अभी से गुलजार हो गया है। बाजारों में मुख्य रूप से ज्वेलरी, ऑटोमोबाइल की दुकानों में भीड़ उमड़ने लगी है। धनतेरस की खरीदारी को लेकर अभी से लोग मार्केट तक पहुंचने लगे हैं। 29 अक्टूबर को धनतेरस मनाया जाएगा। इस दिन तीन योग एक साथ पड़ रहे हैं। इसलिए इस दिन को खरीदारी के लिए खास माना जा रहा है। ज्योतिषाचार्यों और पंडितों की मानें तो 65 साल बाद ऐसा संयोग बन रहा है। इसके अलावा 29 अक्टूबर को ही धनवंतरी जयंती, धनत्रयोदशी, यमदीपदान, गुरु द्वादशी, भौम प्रदोष का योग है। इसे सुख-समृद्धि और काफी अधिक फलकारी माना गया है।




**भिलाई।** संयोगवश इस दिन मंगलवार होने से भौम प्रदोष रहेगा, वहीं त्रिपुष्कर, ऐंद्र, वैधृति योग और उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र का भी योग है। मंगल के स्वामित्व वाली वृश्चिक में बुध व शुक्र की युति से लक्ष्मीनारायण राजयोग बन रहा है। खरीदारी के लिए इस दिन अबूझ मुहूर्त का रहेगा ही परंतु इतने शुभ योगों की स्थिति इस दिन को मंगलकारी बना रहा है। वैसे तो दीपावली के तीनों दिन यानी धनतेरस, चौदस और लक्ष्मी पूजा के दिन खरीदारी का योग है। इसके बाद भी खरीदारी फलकारी है, लेकिन धनतेरस के दिन सर्वाधिक शुभ होने से बाजारों में जमकर खरीदारी होगी। इस दिन सोने-चांदी की ज्वेलरी, तांबा-पीतल व स्टील के बर्तन और इलेक्ट्रानिक्स सामग्री खरीदना अत्यंत मंगलदायक माना गया है। भगवताचार्य और पं. लाखेश्वर पांडेय बताते हैं कि भगवान धनवंतरी की जयंती भी इसी दिन मनाई जाएगी। मंदिरों में दीपोत्सव के अलावा दीपदान का भी दिन है। काफी लंबे समय बाद ऐसा संयोग बन रहा है, जो कि जातक के लिए काफी अधिक सुख-समृद्धि का घोतक है। धनतेरस के दिन त्रिपुष्कर योग बन रहा है, जिसमें खरीदारी करना शुभ माना जाता है।



पहला खरीदारी मुहूर्त 29 अक्टूबर की सुबह 6 बजकर 31 मिनट से 10 बजकर 31 मिनट तक रहेगा। वहीं दूसरा मुहूर्त दोपहर 11 बजकर 42 मिनट से दोपहर 12 बजकर 27 मिनट तक रहेगा। इसके अलावा भी दिन में कभी भी खरीदारी की जा सकती है, वे सभी फलकारी हैं। इसके कारण व्यापारियों ने धनतेरस की तैयारी पहले से कर ली है। इस वजह से बाजारों में रौनक नजर आ रही है।

### आज से दो दिन बंद रहेंगे बैंक, एटीएम में नहीं कैश

जानकारी के मुताबिक शनिवार और रविवार दो दिन बैंक बंद रहेंगे। इधर पुष्य नक्षत्र के दिन हुई खरीदारी के कारण सभी प्रमुख बैंकों के एटीएम खाली पड़ गए हैं। कुछ प्रमुख एटीएम में ही कैश की उपलब्धता है। बैंक अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार को एटीएम तक कैश पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। अधिकृत एजेंसियों को इसकी जानकारी प्रेषित की गई है। इधर दो दिन शनिवार और रविवार बैंक बंद रहेंगे। इन दो दिनों में भी कैश एटीएम तक पहुंचाने का काम जारी रहेगा। हालांकि शुक्रवार को कैश को लेकर लोग परेशान होते रहे। इधर सभी बैंकों ने अपने सॉफ्टवेयर भी अपडेट रखे हैं, ताकि ऑनलाइन ट्रांजिक्शन में किसी प्रकार की परेशानी न उठानी पड़े। जानकारी के मुताबिक पूरे जिले में अगले एक हफ्ते में 60 से 80 करोड़ तक के ट्रांजिक्शन का अनुमान है।

### जानिए धनतेरस के दिन खरीदारी आखिर क्यों है फलकारी

ज्योतिषाचार्य, भगवताचार्य और कात्यानी मंदिर के पुजारी पं. लाखेश्वर पांडेय बताते हैं कि त्रिपुष्कर, एंद्र और वैधृति योग के साथ मंगलवार और प्रदोष भी साथ में पड़ रहा 29 अक्टूबर को मंगलवार और प्रदोष रहेगा। इस दिन यह भौम प्रदोष का होना धनतेरस के अबूझ मुहूर्त में सोने पर सुहागा जैसी स्थिति है। इस दिन त्रिपुष्कर, एंद्र व वैधृति योग भी रहेंगे, जो अनुष्ठान, पूजा-पाठ से लेकर खरीदारी तक के लिए मंगलकारी व विशेष फलदायी होंगे। इसकी वजह से इसकी महत्ता और बढ़ गई है। इस दिन पूरे दिनभर जमीन, गहने और वाहन खरीदी शुभ होगी।



# वैशालीनगर विधायक की अनोखी पहल, चारधाम सहित सारे तीर्थों के दर्शन के लिए खोला सहयोग काउंटर

**भिलाई।** अपने कामों को लेकर अक्सर चर्चा में रहने वाले वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन ने अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगों को एक और तोहफा दिया है। उन्होंने अपने विधानसभा क्षेत्र के लोगों के लिए चारधाम सहित देश के किसी भी हिस्से के तीर्थों में दर्शन के लिए वीआईपी की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। इसके लिए विधायक कार्यालय जीरो रोड जैन मंदिर के सामने वैशाली नगर में सम्पर्क किया जा सकता है। बता दें कि रिकेश सेन पिछले तीन दिनों से चारधाम की यात्रा पर रहे, वे शुक्रवार को ही यात्रा से लौटे। इसके बाद इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि वैशालीनगर विधानसभा क्षेत्र के लोगों को अब मंदिरों में लंबी लाइन लगानी नहीं पड़ेगी। न ही धर्मशाला, होटल या रहने के इंतजाम को लेकर परेशान होना पड़ेगा। उनका मार्गदर्शन



- चारधाम यात्रा ले लौटने के बाद निर्णय वीआईपी दर्शन की सुविधा उपलब्ध कराएंगे

यहीं होगा। उन्हें सारी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति उनके कार्यालय से जानकारी प्राप्त कर सकता है। हर मंदिरों में विधायकों का प्रोटोकॉल होता है, वीआईपी सुविधा रहती है। इन सुविधाओं का लाभ वे अपने विधानसभा क्षेत्र की जनता को देना चाहते हैं, इसलिए यह निर्णय लिया है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए प्रयास रहेगा, कि उन्हें ज्यादा बेहतर सुविधाएं मिल सके।

### जहां हेलीकाप्टर की सुविधा वहां इससे भी यात्रा संभव

रिकेश ने कहा कि तीर्थ स्थलों पर वीआईपी दर्शन और उपलब्धता के आधार पर हेलीकॉप्टर यात्रा की भी सुविधा मिल सकेगी। बद्रीनाथ, केदारनाथ, वैष्णो देवी, काशी विश्वनाथ, अयोध्या, बैजनाथ धाम, द्वारिका, जगन्नाथ पुरी, रामेश्वरम, गंगोत्री, यमुनोत्री, हरिद्वार, कनखल, ऋषिकेश, गोमुख, देवप्रयाग, जोशीमठ, हेमकुंड, वैष्णो देवी, अमरनाथ, मणिकर्ण, नैना देवी, वृन्दावन, बरसाना, गढ़मुक्तेश्वर, चित्रकूट, प्रयाग, अयोध्या, नंदीग्राम, काशी विश्वनाथ, गया, वैद्यनाथ मंदिर देवघर, वासुकिनाथ, गंगासागर, तारकेश्वर महादेव मिर्जापुर, कामाख्या, मल्लिकार्जुन, श्रीशैलम, महाबलीपुरम, तिरुपति बालाजी, तिरुवाडी आदि किसी भी तीर्थ स्थलों पर दर्शन के लिए जाने वाले कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

# आया त्योहार-चलो बाजार, बैंकों के सहयोग से व्यापारियों को उपलब्ध कराया जा रहा कैश



**भिलाई।** चेंबर ऑफ कामर्स का आया त्योहार चलो बाजार अभियान लगातार जारी है। इस दौरान संगठन के प्रतिनिधियों द्वारा बाजारों में पहुंचकर व्यापारियों को कैश उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्य रूप से चिल्हर की समस्या को देखते हुए छोटे नोट और सिक्के उपलब्ध कराए जा रहे हैं। दुर्ग और भिलाई में संयुक्त रूप से यह अभियान चलाया जा रहा है। दुर्ग में चेयरमैन पवन बड़जात्या के नेतृत्व में यह अभियान चलाया जा रहा है। वहीं भिलाई में भी अभियान जारी है। इस अभियान के तहत पंजाब एंड सिंध बैंक सेक्टर 6 ब्रांच के सौजन्य से 20,50,100 की करेंसी भिलाई चेम्बर को वितरण के लिए प्रदान की गई। करेंसी व्यापारियों को वितरित की। इस अवसर पर पंजाब एंड सिंध बैंक के वरिष्ठ प्रबंधक नवीन कुजूर,शाखा प्रभारी सुरेंद्र वैद, अनामिका सिन्हा, प्रशांत साहू व ऋषभ राज सहित अन्य मौजूद थे।

जवाहर नगर में तीन दिवसीय समारोह का आगाज, कायस्थ समाज के लोग हो रहे शामिल

# चित्रगुप्त मंदिर से निकली कलश यात्रा, सूर्यकुंड से लिया जल, विधि-विधान से अनुष्ठान, आज वेदी पूजा, कल प्राण-प्रतिष्ठा और भंडारा

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** कायस्थजनों की प्रतिनिधि संस्था चित्रांश चेतना मंच भिलाई-दुर्ग द्वारा जवाहर नगर, वार्ड-25 में स्पोर्ट्स काम्पलेक्स के पास चित्रगुप्त मंदिर बनाया गया है। इस मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का तीन दिवसीय आयोजन शुक्रवार को शुरू हुआ। पहले दिन भव्य कलश एवं शोभायात्रा निकाली गई। महिलाओं ने बैकुंठधाम स्थित सूर्यकुंड से जल लाया। इसके बाद विधि विधान से पूजा अर्चना शुरू हुई। साथ में पंडितों द्वारा अन्य अनुष्ठान संपन्न कराए गए। आयोजन में कायस्थ समाज के अलावा अन्य समाजों के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। आयोजकों ने बताया कि भिलाई के जवाहर नगर के चित्रगुप्त मंदिर परिसर में चिंत्राश चेतना मंच द्वारा विगत कई वर्षों से चित्रगुप्त पूजन महोत्सव, दीपावली मिलन, होली मिलन, मुंशी प्रेमचंद जयंती, लाल बहादुर शास्त्री जयंती, डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जयंती एवं अन्य सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहे हैं। उक्त मंदिर को ही अब भव्य रूप दिया गया है। इसके अलावा भगवान चित्रगुप्त की आकर्षक मूर्ति स्थापित की गई है। इसकी प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है। पूजा अर्चना के साथ कलश यात्रा सुबह 11 बजे शुरू हुई। समाज की महिलाओं ने भजन कीर्तन एवं बैंड बाजे के बीच बैकुंठधाम स्थित सूर्यकुंड तक भव्य कलश यात्रा निकाली। वहां से जल लेकर महिलाएं मंदिर में पहुंची। इसके बाद वेदी पूजन, भगवान श्री चित्रगुप्त जी की मूर्ति का जलाधिवास एवं फलाधिवास किया गया। भजन-कीर्तन संध्या 4 बजे से हुआ।



### आज वेदी पूजा, वैशालीनगर विधायक रिकेश सेन होंगे शामिल

समारोह के दूसरे दिन 26 अक्टूबर को पंडित सदानंद पांडेय के द्वारा वेदी पूजन प्रातः 10 बजे से कराया जाएगा। इसके बाद देव पतमूर्ति का अन्नाधिवास, वस्त्राधिवास, पुष्पाधिवास के बाद भजन-कीर्तन संध्या चजे से शुरू होगा। संध्या आरती में वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन भी शामिल होंगे। समारोह के अंतिम दिन 27 दिसंबर को वेदी पूजन प्रातः 10 बजे से होगा। वहीं प्राण प्रतिष्ठा सुबह 11 बजे से होगा। इसमें हवन, पूर्णाहूति के बाद भोग भंडारा दोपहर-1 बजे से मंचीय कार्यक्रम भी होगा।

### शोभायात्रा में थिरकती नजर आईं समाज की महिलाएं

आयोजन में शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा सुबह करीब 11 बजे जवाहर नगर स्थित मंदिर से निकली। इस दौरान शोभायात्रा ने नगर भ्रमण किया। कार्यक्रम के दौरान समाज की महिलाएं नाच-गाने में थिरकती नजर आईं। आयोजन में प्रमुख रूप से मनोज सिन्हा, सत्यनारायण भटनागर, करुणचंद्र सक्सेना, डॉ राकेश श्रीवास्तव, संजय खरे, राजेश प्रसाद श्रीवास्तव, कमलकांत श्रीवास्तव, चंद्रकांत श्रीवास्तव, संदीप भटनागर, चित्रांश खरे, अचल श्रीवास्तव, दीपक कुलश्रेष्ठ, राकेश मोहन, एके अमलेश, आशीष सहाय, अनमोल श्रीवास्तव, अंशुमान वर्मा आदि उपस्थित थे। वहीं महिलाओं रेणू श्रीवास्तव, अपर्णा श्रीवास्तव, किरण श्रीवास्तव, ज्योति श्रीवास्तव, संध्या सक्सेना, नीतू श्रीवास्तव, भारती श्रीवास्तव, मीतू श्रीवास्तव, मालती भटनागर, काजल भटनागर, राजेश्वरी खरे आदि शामिल हुईं।

**सिटी इवेंट**

## रोजगार के लिए महिलाओं को बांटी सिलाई मशीन



**भिलाई।** एसीसी जामुल सीमेंट का सामाजिक कार्य, उपमुख्यमंत्री अरुण साव हुए शामिल महिलाओं के सशक्तिकरण के उद्देश्य से अदाणी फाउंडेशन ने महिलाओं को निशुल्क सिलाई मशीन का वितरण किया। एसीसी सीमेंट (अडानी ग्रुप) जामुल द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम चरोदा के वार्ड 22 स्थित मंगल भवन में हुआ। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री अरुण साव, अहिवारा विधायक राजमहंत डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, महापौर निर्मल कोसरे उपस्थित थे। उन्होंने महिलाओं को सिलाई मशीन वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि कोई भी कार्य छोटा या बड़ा नहीं होता, बल्कि कार्य को करने वाला व्यक्तित्व ही उस कार्य को छोटा या बड़ा बनाता है। आयोजन एसीसी प्लांट प्रमुख सुदीप्ता मंडल और मानव संसाधन प्रमुख धर्मेश शर्मा, अडानी फाउंडेशन जामुल प्रमुख देबब्रत सरकार उपस्थित थे। अदाणी फाउंडेशन की यह पहल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी आय में वृद्धि के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। फाउंडेशन जिले में नियमित रूप से इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन करता रहता है ताकि सामुदायिक विकास को प्रोत्साहित किया जा सके। इसके साथ ही फाउंडेशन शिक्षा, स्वास्थ्य, स्थायी आजीविका और सामुदायिक विकास जैसे क्षेत्रों में सामाजिक पहलों के जरिए नागरिकों के जीवन को सशक्त और समृद्ध बनाने के लिए निरंतर कार्यरत है।

- उपमुख्यमंत्री अरुण साव आयोजन में हुए शामिल

**सिटी लाइव**

## अंतरराष्ट्रीय नृत्य प्रतियोगिता में मां-बेटी ने जीता प्रथम पुरस्कार




**भिलाई।** ट्विनसिटी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता देशराग में नृत्य गुरु राखी रॉय के मार्गदर्शन में मां और बेटी की जोड़ी ने शास्त्रीय नृत्य में उम्दा प्रदर्शन कर अपनी कैटेगिरी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। भरतनाट्यम में शांभवी यादव को सब जूनियर कैटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। साथ ही उनकी माता डॉ मौसमी यादव, पशु चिकित्सक को भरतनाट्यम ओपन कैटेगरी में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इसके पूर्व भी विगत माह में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक नृत्य प्रतियोगिता प्रज्ञोत्सव 2024 में सब जूनियर कैटेगरी में शांभवी को प्रथम स्थान एवं अक्षय पात्र भिलाई में आयोजित प्रतियोगिता हेरिटेज फेस्ट 2024 में क्लासिकल ग्रुप डांस में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। शांभवी डीपीएस भिलाई कक्षा 4 की छात्रा है एवं गुरु डॉ राखी राय के नृत्यधाम कला समिति के अंतर्गत शुभ्रा व पुष्पेंद्र से नृत्य सीख रही है। शांभवी डॉक्टर मनोज यादव की पुत्री, पूर्व सिविल सर्जन डॉ एसएस देवदास व चंद्रकला देवदास की नातीन एवं पूर्व पार्षद बालरूप यादव व समुद्री यादव की पौत्री है। शांभवी के इस उपलब्धी के लिए परिवार व शुभचिंतकों ने उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी है।

- नृत्यधाम कला समिति भिलाई का आयोजन

**एजुकेशन इवेंट**

## जांच परीक्षा में 53 स्काउट-गाइड रोवर-रेंजर को मिली सफलता



**दुर्ग।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय द्वारा आयोजित राज्य पुरस्कार जांच शिविर का आयोजन किया गया। राज्य प्रशिक्षण केन्द्र झांकी अभनपुर रायपुर में आयोजित की गई थी। इसमें 17 स्काउट, 4 रोवर, 26 गाइड़, 6 रेंजर कुल 53 ने भाग लेकर सफलता हासिल की। शासकीय हाई स्कूल गब्दी 6 स्काउट, 6 गाइड़, शासकीय स्कूल उतई स्काउट 4, सेजेस सेलूद स्काउट 5, सेजेस जामुल 2 स्काउट, गाइड 4, विवेकानंद ओपन रोवर 4, शासकीय स्कूल लिमतरा गाइड़ 3, शासकीय स्कूल रूआबांधा गाइड़ 5, करंजा भिलाई गाइड़ 3, जुनवानी गाइड़ 5, कल्पना चावला ओपन रेंजर टीम दुर्ग 4, इंदिरा ओपन रेंजर दुर्ग 2 शामिल हैं। इस उपलब्धि पर डीईओ अरविंद मिश्रा, प्रभारी अधिकारी तनवीर अकील, कक्ष प्रभारी नवीन मेश्राम, उषा महेश्वर राव, संयुक्त जिला सचिव, आनंद राम बघेल, जिला प्रशिक्षण आयुक्त श्रवण कुमार सिन्हा, जिला प्रशिक्षण आयुक्त गाइड़ देविकारानी वर्मा, हेमा चंद्रवंशी आदि ने शुभकामाएं दी है।

- डीईओ अरविंद मिश्रा ने कहा-यह हमारे जिले के लिए उपलब्धि

● प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय बघेरा में माउंट आबू से पहुंचे ब्रम्हकुमार देव

# आनंद सरोवर में अध्यात्मिक समागम, ईश्वरीय कार्य में सहयोग से मिलता है गुणात्मक प्रतिफल

**भिलाई।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बघेरा स्थित आनंद सरोवर में ब्रह्माकुमारीज के अंतराष्ट्रीय मुख्यालय माऊंट आबू से देव भाई का आगमन हुआ। एक दिवसीय आध्यात्मिक समागम के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ सीड सर्टिफिकेशन के पूर्व मैनेजिंग डायरेक्टर एमके चंद्राकर, ब्रह्माकुमारीज दुर्ग संचालिका ब्रम्हकुमारी रीटा, वरिष्ठ राजयोगी शिक्षिका ब्रम्हकुमारी रुपाली, ब्रह्माकुमारी चैतन्य प्रभा एवं दुर्ग के सभी सेवाकेन्द्रों के अलावा बालोद, गुण्डरदेही से सत्रह सौ की संख्या में आये हुए भाई-बहनों ने आध्यात्मिक समागम का लाभ लिया। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के बघेरा स्थित आनंद सरोवर में एक दिवसीय आध्यात्मिक समागम का आयोजन किया गया। जिसमें प्रमुख रुप से ब्रह्माकुमारीज के अंतराष्ट्रीय मुख्यालय माऊंट आबू राजस्थान से ब्रम्हकुमार देव को सुनने आसपास के सेवाकेंद्रो के लगभग 1700 लोग पहुंचे थे।



### निस्वार्थ सेवा भाव औरों से बनाता है श्रेष्ठ- रीटा



ब्रह्माकुमारी रीटा ने ब्रम्हकुमार देव के विशेष कार्यो को बताते हुए कहा कि ईश्वर द्वारा रचित महायज्ञ में अपना सर्वस्व जीवन अर्पित कर लाखों मनुष्य आत्माओं के लिए वे प्रेरणास्त्रोत है। आपको जो भी कार्य मिलता है चाहे समय सिमित हो या कोई ईश्वरीय सेवा अचानक मिली तो आप उसे पूर्ण समर्पित रीति से करते हैं जिसका प्रतिफल है कि आप संस्था में भिन्न-भिन्न दायित्वों का निर्वहन सफलता पूर्वक करते हैं और कार्य पूर्ण होने के उपरांत आपको जो दुआएं मिलती है वह आपके पार्ट को औरों से श्रेष्ठ बनाता है। कार्यक्रम के दौरान चंद्राणी, युक्ति व लीना ने आकर्षक नृत्य की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर मंच संचालन व योग कामेन्ट्री द्वारा ब्रह्माकुमारी रुपाली ने सभी को परमात्मा के सानिध्य की अनुपम अनुभूति करायी।

### अपने अनुभव किये साझा, बताया परमात्मा का महत्व



अध्यात्मिक समागम के दौरान ब्रह्माकुमार देव ने अपने उद्बोधन में कहा कि निराकार परमपिता परमात्मा शिव ने इस सृष्टि रंगमंच पर सर्व मनुष्य आत्माओं को उनके विशेषताओं के अनुरूप अभिनय करने का श्रेष्ठ एव सुंदर मौका दिया है यह हम पर निर्भर करता है कि हम उस पार्ट को कितनी अच्छी तरह से निभाते हैं यहाँ उपस्थित गृहस्थ जीवन में रहने वालों का पार्ट अत्यंत ही श्रेष्ठ है जो कि प्रवृति मार्ग में रहते हुए भी परमात्मा के इस पुनीत कार्य में अपना तन-मन-धन, समय-श्वास- संकल्प सफल कर अपना भाग्य श्रेष्ठ बना रहे हैं। जब हम ईश्वरीय कार्य में अल्प सहयोग भी देते हैं तो उसका प्रतिफल गुणात्मक वृद्धि के रूप में हमें प्राप्त होता है। उन्होंने बताया कि जब हम हिम्मत का एक कदम बढ़ाते हैं तो भगवान मदद के हजार कदम बढ़ाते हैं। उन्होंने अपने जीवन के अनुभव साझा करते हुए बताया की माउंट आबू में राष्ट्रपति का कार्यक्रम आयोजित होना था मुझे तीन दिन पूर्व व्यवस्था की जिम्मेंदारी मिली थी जिसे परमात्मा पिता ने बेहद कम समय में बहुत ही शानदार रीति से संपन्न करवाया इसलिए कहते हैं हिम्मती बच्चों की मदद परमात्मा करते है।

**वक्ता थे हैदराबाद के राहुल दुबे**

## नई तकनीकों से परिचित होकर करियर को दें उड़ान



**भिलाई।** स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती महाविद्यालय हुडको भिलाई में कम्प्यूटर विभाग द्वारा भविष्य में कैरियर की संभावना विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में इंट्राप्रेन्योर ट्रांसमिशन स्पेशलिस्ट डेल इंटरनेशनल सर्विसेस हैदराबाद के राहुल गोविंद दूबे उपस्थित थे। इस अवसर पर कम्प्यूटर साईंस विभागाध्यक्ष रूपाली खर्चे ने बताया कि सिर्फ डिग्री हासिल करने से ही नौकरी प्राप्त नहीं होती, अगर हम अपना कैरियर बनाना चाहते है तो नवीन तकनीकी को सीखना पड़ेगा और उनके साथ समायोजन स्थापित करना होगा तभी हम आगे बढ़ सकते है। प्राचार्य डॉ. हंसा शुक्ला ने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आज का व्याख्यान भविष्य में आपके कैरियर को दिशा देने में सहायक होगा। आप अभी से लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने का प्रयास करें।

**स्वरूपानंद महाविद्यालय में व्याख्यान का आयोजन**

### समय का करें सदुपयोग

अपने व्याख्यान में श्री दूबे ने तकनीकी कौशल का महत्व बताते हुये कहा जो अपना कैरियर बनाना चाहते है उसे अपना लैंग्डीन प्रोफाइल अपडेट करके रखना चाहिए इससे नौकरी की संभावनाये बढ़ जाती है। सोशल मीडिया प्लेट फार्म को पैसा कमाने व अपने ज्ञान के लिये उपयोग करे न की उसमें अपना समय बरबाद करें। उन्होनें आज के समय में अंग्रेजी जानने पर बल दिया व कहा अगर हम मल्टीनेशनल कंपनी में काम करना चाहते है तो अंग्रेजी जानना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने समय के सद्धपयोग करने की बात कही। उन्होंने कहा कि कक्षा में गुरु से हमें जो ज्ञान मिलता है उसमे जो गहराई होती है वह पुस्तकों से या इंटरनेट से प्राप्त नहीं हो सकती। स्कूल-कॉलेज में विद्यार्थियों को लगता है उनके पास बहुत ज्ञान है उसे सब कुछ आता है पर यह भाव लेकर शिक्षक के पास जायेंगे तो आप कुछ नहीं सीख पाएंगे। उन्होंने एक छोटे से गेम के माध्यम से बताया जो अवसर मिले उसका सदुपयोग करें क्योंकि जीवन में कई बार हमें दूसरा मौका नहीं मिलता है।

**की गई अमन की दुआएं**

## बच्चों को दीन के साथ दुनियावी तालीम दिलाने पर दिया जोर



**भिलाई।** मदरसा जामिया अरबिया पावर हाउस कैम्प-2 में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में दीनी तालीम हासिल कर रहे तलबा (विद्यार्थियों) के लिए शैक्षणिक स्तर की प्रतियोगिता 'मुसाबक तालीमी मयार' का दो दिवसीय आयोजन किया गया। इसमें अंबिकापुर, बिलासपुर, कटघोरा, रांका और भिलाई, दुर्ग सहित समूचे छत्तीसगढ़ से भागीदारी रही। प्रतियोगिता पवित्र कुरआन को सही उच्चारण के साथ पढ़ने और इससे मिलने वाली तालीम और दुनियावी जिंदगी से जुड़े सवालों पर थी। मदरसा जामिया अरबिया के मुफ्ती सालिम हलीमी ने बताया कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में दीनी तालीम व दुनियावी तालीम के मद्देनजर पहली बार पहल की गई। मुख्य रूप से मौजूद नजमुद्दीन अमरावती एवं काजी मुफ्ती सोहेल ने कहा कि वालिदैन की जिम्मेदारी है कि बच्चों का अच्छा नाम, तरबियत (संस्कार) व शिक्षा तालीम का इंतेजाम करें। मुफ्ती सोहेल ने कहा कि इस्लाम के आखिरी नबी हजरत मोहम्मद सल्लाहो अलैहि वसल्लम ने एक बेहतरीन जिंदगी गुजार कर लोगों के सामने मिसाल रखी है।

समापन सत्र की निजामत मौलाना इनामुल हसन ने की। इसके पहले पवित्र कुरान की तिलावत हाफ़िज़ कासिम हलीमी व कारी अब्दुल समद ने की। मौलाना फैसल हाउसिंग बोर्ड व मुफ्ती सालिम हलीमी ने नात शरीफ पेश की। कार्यक्रम में मौलाना मोहम्मद हाशिम, मौलाना जुनैद, मौलाना दिलशाद हाफ़िज़ रेहान, मौलाना नाजिम, हाफ़िज़ अता उल्ला, मौलाना मोईनुद्दीन, हाफ़िज़ इश्तियाक, हाफ़िज़ मोहम्मद अमीन आदि मौजूद थे।

**मदरसा जामिया अरबिया पावर हाउस कैम्प-2 में शैक्षणिक प्रतियोगिता का समापन**

**कॉर्नर न्यूज**

**केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में कुडो के प्रशिक्षक दे रहे हैं ट्रेनिंग**

## आत्मरक्षा के गुर सीख रही 150 छात्राएं, कुडो के बेसिक पंच, किक्स व जेबक्रॉस का दिया प्रशिक्षण



**भिलाई।** केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में पीएम श्री योजना के तहत छात्राओं को आत्मनिर्भर, सशक्त एवं सुरक्षित बनाने की दिशा में कार्य किये जा रहे है। इसी कड़ी में छात्राओं को आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गाया। कूडो संगठन के सचिव मनीष साहू के निर्देशन में इंदु एवं तृप्ति साहू ने छात्राओं को प्रशिक्षित किया।



### फीमेल के पास जितने अवसर, उतनी चुनौतियां

इस अवसर पर प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने कहा कि आजकल लड़कियां भी देश-विदेश में काम कर रही हैं, पढ़ाई कर रही हैं। अब उनके पास सीमाओं का बंधन नहीं है। उनके पास जितने अवसर हैं उतनी ही चुनौतियां भी हैं। अब छात्राओं को शारीरिक और मानसिक तौर पर मजबूत बनने की अधिक जरूरत है। इसीलिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण के माध्यम से छात्राओं को चुनौतियों का सामना करना सिखाया जा रहा है।

**बताई आत्मरक्षा की टेक्निक :** कार्यक्रम के प्रभारी डॉ अजय आर्य ने कहा कि आत्मरक्षा का अर्थ है स्वयं की सुरक्षा के लिए सचेत और समर्थ रहना। इस प्रशिक्षण के माध्यम से केंद्रीय विद्यालय छात्राओं को मजबूत कर रहा है। इंदु एवं तृप्ति साहू ने प्रशिक्षण देते हुए छात्राओं को चलते समय क्या सावधानी बरतनी चाहिए उसकी भी जानकारी दी और अगर कोई अचानक अटैक करें तो उसे कैसे बचाना है और किसी के पकड़ने पर स्वयं को कैसे छुड़ाना है आदि की विशेष तकनीक की भी जानकारी दी। कार्यक्रम में उपप्राचार्य पुष्पा बड़ा, नीता दास , तोशन लाल साहू, मीनाक्षी आदि उपस्थित थे।



### जानिये क्या है कुडो

कुडो एक जापानी मिक्स कॉम्बैट स्पोर्ट्र्स है। इसमे 10 प्रकार के मार्शल आर्ट जैसे (कराटे, जूडो, किकबॉक्सिंग, क्रावमागा, म्यूथाई, तायक्वाडों, जू जित्सु) की विशेष तकनीक शामिल होती है। मनीष साहू ने जानकारी देते हुए बताया छात्राओं को आवश्यक बेसिक प्रशिक्षण दिया गया है। इस प्रशिक्षण में बेसिक पंच एवं किक्स, जेब क्रॉस, सरकुलर, आपार्कट, पंच बताया गया। थाईकिक, फेसकिक, मायागेरी आदि सिखाया गया।

## सिटी स्पोर्ट्स

### रविवि की टेनिस टीम आज रवाना होगी भुवनेश्वर, हिस्सा लेगी ईस्ट जोन चैम्पियनशिप में



**रायपुर।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर की टेनिस टीम 28 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक आयोजित ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी टेनिस चैंपियनशिप में भाग लेगी। इसके लिए टीम 26 अक्टूबर को कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ इंडसट्रियल टेक्नालॉजी भुवनेश्वर के लिए रवाना होगी। टीम को पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के डायरेक्टर डॉ. रीता वेनूगोपाल, शारीरिक शिक्षा विभाग के विभाग अध्यक्ष डॉ. सी डी आगाशे ने बधाई और शुभकामनाएं दी। टीम में महिला वर्ग मे उर्वशी बंजारे, मेघा बंजारे, त्रिवेणी सोनकर, जितेश्वरी साहू और पुरुष वर्ग में लुकेश नेताम, खिरमन तांड्डी, मोनेश, देवेंद्र सिंह ठाकुर, जस्वेत शर्मा शामिल है। टीम मैनेजर शुभम यदु, क्रीड़ा अधिकारी शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा और टीम कोच संजय शुक्ला है।

### वीनू मांकड ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ को मिली 131 रनों से शिकस्त



**रायपुर।** बीसीसीआई द्वारा मेंस अंडर 19 वीनू मांकड ट्रॉफी में छत्तीसगढ़ की टीम का सेमी फायनल मैच राजकोट में बंगाल के विरुद्ध खेला गया। बंगाल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 50 ओवरों में 8 विकेट खोकर 285 रनों का स्कोर बनाया। बंगाल की ओर से विशाल भाटी ने 111 रन तथा अंकित चटर्जी ने 92 रनों का योगदान दिया। दोनों ने पहले विकेट के लिये 190 रनों की विशाल साझेदारी की। इनके अतिरिक्त अग्निश्वर ने 42 रन बनाये।

छत्तीसगढ टीम की ओर से अंकित कुमार सिंह ने 4 विकेट तथा विकल्प तिवारी ने 2 विकेट प्राप्त किया। 286 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी छत्तीसगढ टीम 41.2 ओवरों में 10 विकेट खोकर 154 रन ही बना सकी। छत्तीसगढ की शुरुआत अच्छी नहीं रही तथा उसके प्रारंभिक बल्लेबाज जल्दी पैवेलियन लौट गये। छत्तीसगढ की ओर से आलोक कुमार गुप्ता तथा प्रथम जाचक ने सर्वाधिक 41-41 रनों का योगदान दिये। वहीं बंगाल की ओर से आशुतोष कुमार ने 4 विकेट तथा विशाल भाटी ने 3 विकेट प्राप्त किये। बंगाल ने 131 रनों से मैच जीत लिया तथा फायनल में प्रवेश किया।

### राज्य स्तरीय खो-खो के लिए जूनियर टीम का चयन कल



**रायपुर।** 10वीं जूनियर राज्य स्तरीय खो खो प्रतियोगिता बालक एवं बालिका का आयोजन लाटमेटा जिला राजनांदगांव में 5 से 7 नवम्बर तक किया जा रहा है । जिसमें भिलाई स्टील प्लांट की बालक एवं बालिका टीम भी भाग लेगी। इसके लिए चयन प्रतियोगिता का आयोजन 27 अक्टूबर रविवार को बीएसपी खो खो ग्राउंड सेक्टर 4 में सुबह 8 बजे से 10 बजे तक रखा गया है। खिलाड़ी 29 नवंबर 2024 की दशा में 18 वर्ष से कम आयु होनी चाहिए, भारतीय खो खो संघ में पंजीयन होना अनिवार्य है और तथा अपने साथ जन्मतिथि प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड की मूलप्रति के साथ ही माता या पिता से अनुमति पत्र लाना अनिवार्य है।

### मार्शल आर्ट प्रशिक्षण शिविर में शामिल हुए प्रदेश भर के खिलाड़ी



**रायपुर।** मार्शल आर्ट अकादमी ऑफ़ छत्तीसगढ़ के मार्गदर्शन में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन रेलवे नॉर्थ ईस्ट इंस्टिट्यूट बिलासपुर में 19 एवं 20 अक्टूबर को किया गया। शिविर में प्रदेश के विभिन्न जिलों के 150 महिला पुरुष खिलाड़ी एवं प्रशिक्षकों ने भाग लिया। शिविर के मुख्य प्रशिक्षक शेख समीर ने बताया कि खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सके इस हेतू शिविर आयोजित था, जहां खिलाड़ियों को नए नियम एवं तकनीक का प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रविंद्र सिंह पूर्व सदस्य छत्तीसगढ़ योग आयोग थे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता अमरनाथ सिंह बिलासपुर रेलवे मंडल खेल सचिव ने की और विशिष्ट अतिथि सी.नवीन कुमार सचिव एनईआई, हेमंत सिंह परिहार प्रवक्ता छत्तीसगढ़ एथलेटिक संघ, संजीव पाल थे।

---

दीपावली पर होती है मिठाइयों और स्नैक्स की भरमार, सचेत रहना आपका काम

# त्योहारी माहौल में खानपान पर बरतें सावधानी डायबिटीज रोगी कुछ बातों का रखें खास ध्यान

दिवाली को 'प्रकाश का पर्व' कहा जाता है और यह भारत में मनाए जाने वाले प्रमुख त्योहारों में से एक है। लोगों में खुशी, उत्सव और एकजुटता की भावना लाने वाले इस पर्व का सभी लोगों को बेसब्री से इंतजार रहता है। घरों की सजावट, लाइटें, परिवार-दोस्तों के साथ स्वादिष्ट मिठाइयां और लजीज पकवान खाना इस त्योहार को और भी खास बना देता है। हालांकि उत्सव के बीच हमें अपनी सेहत को लेकर भी विशेष सावधानी बरतते रहने की जरूरत है। विशेषतौर पर जिन लोगों को डायबिटीज की समस्या है उन्हें दीपावली के दौरान अपने खान-पान को लेकर और भी सतर्कता बरतने की सलाद दी जाती है।

दीपावली के त्योहार में तरह-तरह के मीठे और स्वादिष्ट व्यंजन होते हैं, असल में मिठाइयों के बिना दिवाली का त्योहार अधूरा रह जाता है। पर मधुमेह की समस्या में मिठाई खाने से रक्त शर्करा का स्तर बढ़ सकता है जिससे सेहत को गंभीर नुकसान होने का खतरा रहता है। सिर्फ मिठाइयां ही नहीं, कई अन्य खाद्य पदार्थों के सेवन को लेकर भी डायबिटीज रोगियों को विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता होती है।



## कहीं बढ़ न जाए शुगर का लेवल?

पिछले कुछ वर्षों के आंकड़े उठाकर देखें तो पता चलता है कि त्योहारी सीजन के दौरान डायबिटीज के अधिकतर रोगी बढ़े हुए ब्लड शुगर की समस्या की शिकायत करते हैं। इसका प्रमुख कारण खान-पान को लेकर बरती गई लापवाही हो सकती है। मधुमेह रोगियों के मन में अक्सर यह सवाल रहता है कि 'क्या डायबिटीज में मिठाई खा सकते हैं?' आइए जानते हैं कि इस बारे में डॉक्टर की क्या सलाह है?

## क्या है विशेषज्ञ की सलाह?

एंडोक्राइन विशेषज्ञ डॉ नुपुर अग्रवाल कहती हैं, जिन लोगों को हाई ब्लड शुगर की समस्या है या फिर जो लोग इंसुलिन ले रहे हैं उन्हें किसी भी तरह की ऐसी चीजों को खाने से बचना चाहिए जिनसे शुगर लेवल बढ़ सकता है। मिठाइयां, कार्बोहाइड्रेट या एडेड शुगर वाली चीजें आपकी जटिलताओं को बढ़ाने वाली हो सकती हैं। त्योहार के दौरान रक्त शर्करा को नियंत्रित रखने के लिए स्वस्थ और पौष्टिक आहार का सेवन, शारीरिक रूप से सक्रिय रहना और नियमित रूप से ब्लड शुगर की जांच करते रहना जरूरी है।

## दीपावली के दौरान कैसा होना चाहिए खान-पान?

शुगर के स्तर को कंट्रोल रखने के लिए डायबिटीज रोगियों को मिठाइयों से परहेज करना चाहिए। जिन लोगों का शुगर अक्सर बढ़ा रहता है उन्हें और भी सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। चीनी की बजाय गुड़ और ड्राई फ्रूट्स से बने मिठाइयों का संयमित सेवन किया जा सकता है।

आहार में फाइबर वाली चीजों की मात्रा बढ़ा दें, जिससे मीठा खाने के कारण होने वाले दुष्प्रभावों को कम किया जा सके। इसके अलावा दिनभर में खूब पानी पीते रहना जरूरी है, इससे शुगर को कंट्रोल रखना आसान हो सकता है। मैदा की जगह साबुत अनाज के आटे से तैयार पकवानों का सेवन करना चाहिए।






## इन टिप्स पर दें ध्यान

डॉक्टर कहती हैं, दिवाली आते ही ज्यादातर लोग अपनी कैलोरी इंटेक पर ध्यान नहीं दे पाते हैं। शुगर को नियंत्रित बनाए रखने के लिए कुछ बातों का खास ध्यान रखा जाना चाहिए। तली हुई नमकीन और मिठाइयों की जगह स्वस्थ आहार विकल्प चुनें। मिठाई की जगह, सूखे मेवे और गुड़ से तैयार चीजों का सेवन करें। त्योहारों के दौरान व्यायाम न छोड़ें, शुगर को कंट्रोल रखने के लिए शारीरिक रूप से सक्रिय रहना जरूरी है। शुगर लेवल की जांच करते रहें। अगर ये बढ़ा हुआ रहता है तो डॉक्टर की सलाह जरूर ले लें।

---

# दिवाली के दिन पूजा में क्यों रखते है नोट और गहने?



दिवाली के दिन लक्ष्मी पूजन के दौरान घर में रखे पैसे या फिर नोटों की गड्डी भी रखती जाती है। इसके अलावा, घर की लक्ष्मी यानी कि बेटी या बहू के जेवर भी लक्ष्मी पूजन में रखे जाते हैं। दिवाली इस साल 31 अक्टूबर, दिन गुरुवार को मनाई जाएगी। दिवाली के दिन मां लक्ष्मी और गणेश जी की पूजा की जाती है। ऐसा माना जाता है कि दिवाली के दिन लक्ष्मी-गणेश की आराधना करने से घर में पैसों की बरकत और उत्तम स्वास्थ्य बना रहता है। दिवाली के दिन लक्ष्मी पूजन के दौरान घर में रखे पैसे या फिर नोटों की गड्डी भी रखती जाती है।

इसके अलावा, घर की लक्ष्मी यानी कि बेटी या बहू के जेवर भी लक्ष्मी पूजन में रखे जाते हैं। जब हमें इसके महत्व के बारे में ज्योतिषाचार्य पं. विजयकांत भट्ट से पूछा तो उन्होंने हमें इसके लाभ बताये। आइये जानते हैं इस विषय में विस्तार से।

दिवाली का दिन मां लक्ष्मी का कहलाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, दिवाली के दिन मां लक्ष्मी अपने वाहन उल्लू पर बैठकर पृथ्वी के कोने-कोने में भ्रमण करती हैं और व्यक्ति के कर्मों एवं उसकी श्रद्धा के अनुसार उसे धन प्रदान करती हैं।

चूंकि जेवर और पैसे धन का ही एक भाग कहलाते हैं और इनपर भी मां लक्ष्मी का अधिकार होता है। ऐसे में दिवाली के दिन पूजा में पैसे एवं जेवर जरूर रखने चाहिए। दिवाली पूजा में गहने और पैसे रखने से मां लक्ष्मी की कृपा से उनमें वृद्धि होती है।

घर में रखे पैसों और गहनों को दिवाली के दिन लक्ष्मी पूजन में रखने से वह दोष दूर हो जाता है जो वास्तु या ग्रहों की अशुभता के कारण जन्मा होता है। दिवाली पूजन में पैसों और गहनों की पूजा करना मां लक्ष्मी की पूजा के समान माना गया है।

शास्त्रों में इस बात का भी उल्लेख मिलता है कि घर के पैसे और गहने इसलिए भी दिवाली पूजा में रखे जाते हैं।

# पैन और डीप फ्राइड में जानिए अंतर इनका इस्तेमाल है अलग-अलग

आपको डीप-फ्राइड फूड्स के बारे में तो पता ही होगा। क्या आपने पैन-फ्राइड के बारे में सुना है? ये दोनों ही अलग-अलग टेक्नीक हैं। इस लेख में हम जानेंगे कि ये टेक्नीक एक-दूसरे से कितनी अलग होती हैं। खाने को कुरकुरा बनाने के लिए डीप-फ्राइंग टेक्नीक का इस्तेमाल किया जाता है। गर्म तेल में खाने को डालकर सुनहरा होने तक फ्राई किया जाता है। वहीं, आज कल पैन-फ्राइड भी चलन में। ये



दोनों टेक्नीक एक जैसी लगती हैं, लेकिन दोनों में अंतर है। इनमें तेल की मात्रा का फर्क होता है।

## पैन-फ्राइंग क्या है?

पैन-फ्राइंग में एक पैन में आवश्यकतानुसार तेल डालकर खाना पकाना शामिल है। तेल आमतौर पर पैन के केवल निचले हिस्से को कवर करता है और भोजन को एक या दो बार पलटकर पकाया जाता है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि दोनों तरफ से आपको सुनहरा भूरापन मिल पाए। इसमें समान रूप से कुरकुरापन पाने के लिए और आंच को मध्यम रखा जाता है।

## पैन-फ्राइंग के लाभ

पैन-फ्राइंग में कम तेल की आवश्यकता होती है, जिसके कारण थोड़ा स्वस्थ व्यंजन बन सकते हैं। यह उन चीजों के लिए सही है जो नाजुक होते हैं और डीप फ्राइंग में टूट सकते हैं, जैसे मछली या अलग-अलग सब्जियां।

इससे बाहरी परत कुरकुरी हो जाती है, जबकि अंदर का हिस्सा रसदार और कोमल रहता है, जो स्वाद में अच्छा लगता है। चिकन ब्रेस्ट को पैन-फ्राई किया जा सकता है। इसके साथ ही फिश को अक्सर पैन-फ्राई किया जाता है। अंडे और पैनकेक बनाने के लिए भी यही टेक्नीक अच्छी होती है।

## डीप-फ्राइंग क्या है?

डीप-फ्राइंग के लिए भोजन को गर्म तेल में पूरी तरह से डुबोना पड़ता है। इसमें तेल का अच्छी तरह गर्म होना जरूरी है। तेल की हीट भोजन की बाहरी परत को जल्दी से पकाती है, जिससे नमी को रोकते हुए चारों ओर एक कुरकुरी बनावट बनती है।

---



# घर पर हैं बच्चे तो ऐसे बनाएं दिवाली खास, करें ये काम

दिवाली एक ऐसा त्योहार है, जिसका इंतजार हर कोई सालभर करता है। बड़ों से लेकर बच्चे तक दिवाली के लिए पहले से तैयारियां शुरू कर देते हैं। खासतौर पर अगर बात करें छोटे बच्चों की तो बच्चों के लिए दिवाली एक ऐसा त्योहार है, जिसमें आनंद, उत्साह और खुशी का भरपूर अनुभव होता है। यह त्योहार उनके लिए न केवल रोशनी और मिठाइयों का, बल्कि परिवार के साथ बिताने और नई चीजें सीखने का मौका भी होता है।

त्योहार में बच्चों को पारंपरिक महत्व बताने के साथ-साथ उनके लिए दिवाली को और भी खास बनाया सकता है। दिवाली में बच्चों की छुट्टी भी होती है। ऐसे में ये आपकी जिम्मेदारी बनती है कि त्योहार के दिनों में अपने बच्चों को खास बातें सिखाएं। यहां कुछ तरीके दिए गए हैं जिनसे आप बच्चों के साथ दिवाली को मजेदार और खास बना सकते हैं:

## दिवाली की कहानी सुनाएं

दिवाली सिर्फ एक त्योहार नहीं, बल्कि इसके पीछे एक ऐतिहासिक और धार्मिक कहानी है। ऐसे में अपने बच्चों को रामायण की कथा सुनाकर या उन्हें भगवान राम, सीता और लक्ष्मण की कहानी बताकर दिवाली का महत्व समझाएं।

## घर की सजावट में करें शामिल



अपने बच्चों को दिवाली की तैयारी में शामिल करें। आप उनके साथ मिलकर रंगोली बना सकते हैं। इससे बच्चे रचनात्मक गतिविधियों में व्यस्त रहेंगे और उन्हें मजा भी आएगा।

## पूजा में उन्हें शामिल करें

अपने घर के बच्चों को लक्ष्मी पूजा और गणेश पूजा का महत्व समझाएं। पूजा के दौरान उन्हें छोटे-छोटे काम करने के लिए कहें, जैसे दीये जलाना, पूजा की थाली तैयार करना, या आरती के समय शामिल होना। इससे उनके मन में त्योहार का महत्व बढ़ेगा।

## एक-दूसरे को दिलाएं उपहार

बच्चों को दिवाली पर छोटे-छोटे उपहार या सरप्राइज दें। अगर एक से ज्यादा बच्चे घर में हैं तो उन्हें एक-दूसरे को उपहार दिलाएं। यह उनके लिए त्योहार का एक खास हिस्सा बन सकता है। उपहारों में नई किताबें, खिलौने या परिधान दे सकते हैं।



---

कार्नर न्यूज

राशिफल जान कर अनुकूल बना सकते हैं आप अपने समय को

अगर आप भी 28 अक्टूबर से लेकर 3 नवंबर के राशिफल के बारे में जानना चाहते हैं तो आपको हर सप्ताह की तरह इस सप्ताह के राशिफल की जानकारी भी यहां विस्तार से दे रहे हैं। इससे आप आने वाले समय को अपने अनुरूप बना सकते हैं। दिवाली का सप्ताह हर किसी के जीवन में खुशियां और नई उम्मीदें लेकर आ रहा है। यह समय न केवल रोशनी और सकारात्मकता का प्रतीक है, बल्कि आर्थिक प्रगति और तरक्की के भी योग भी बन रहे हैं। इस साल 28 अक्टूबर से 3 नवंबर के बीच ग्रहों की अनुकूल स्थिति कुछ विशेष राशियों पर माता लक्ष्मी की कृपा बरसाएगी। इन राशियों के जातकों को न केवल अचानक धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे, बल्कि करियर में भी आगे बढ़ने के संकेत हैं। खासकर नौकरी में प्रमोशन और नई जिम्मेदारियां मिलने की संभावनाएं हैं, जिससे उनका आत्मविश्वास और उत्साह बढ़ेगा।

# दिवाली के इस सप्ताह में इन राशियों पर होगी माता लक्ष्मी की कृपा, धन लाभ के साथ हो सकती है तरक्की

**मेष राशि**: इस सप्ताह की शुरुआत में सोमवार को संतान से सुख एवं खुशी प्राप्त होगी। आपकी आय अच्छी बनी रहेगी एवं कार्यों में सफलता मिलेगी। आपकी योजनाएं सफल होंगी। मंगल एवं बुधवार को विरोधियों से सामना हो सकता है, मन निराश रहेगा एवं आय में भी बाधा आ सकती है। बेकार के कार्यों में समय व्यतीत होगा। ग

**वृषभ राशि**: सप्ताह की शुरुआत में सोमवार को चिंता रहेगी एवं अज्ञात भय रहेगा। कार्य में देरी से मन खिन्न रहेगा। उदासीन भाव हावी होगा। मंगल एवं बुधवार को संतान अनुकूल रहेगी एवं विभिन्न स्रोतों से लाभ प्राप्त होगा एवं नए निवेश भी लाभदायक होंगे। न्यायालयीन मामलों में विजय प्राप्त होगी।

**मिथुन राशि**: तृतीय चंद्र किसी बड़े कार्य के बनने के हालात बना रहा है। तनाव के साथ खुश होने के योग भी हैं। पराक्रम श्रेष्ठ बना रहेगा। भाइयों से सहयोग की प्राप्ति होगी। आपका पराक्रम श्रेष्ठ बना रहेगा। मंगल एवं बुधवार को आगे की चिंता बनी रहेगी। विरोधी प्रबल रहेंगे एवं कार्य में बाधा आ सकती है।

**कर्क राशि**: इस सप्ताह रवि एवं सोमवार को उत्साह कम रहेगा लेकिन किसी कार्य में रुकावट नहीं आएंगी। आर्थिक हालात अच्छे बने रहेंगे। कार्य भी समय पर होंगे। नए कार्य करने का मन होगा। कोई भी कार्य सोच-समझकर करें। आपकी आय में कमी हो सकती है। शनिवार को सुख की प्राप्ति होगी। आपकी आय अच्छी बनी रहेगी।

**सिंह राशि**: चंद्र का गोचर बना रहेगा। यह समय कुछ नया और अच्छा देकर जाएगा एवं पुरानी परेशानियों का अंत करेगी। आपकी नए वस्त्रों और कपड़ों की प्राप्ति होगी। आपके कार्य में तेजी आएगी। मंगल एवं बुधवार को पिछले नुकसान की भरपाई करने में भी सफल होंगे एवं कर्ज से छुटकारा मिलेगा।

**कन्या राशि**: रवि एवं सोमवार को मेहनत एवं प्रयास खूब करेंगे किंतु आर्थिक अपेक्षा मन अनुसार पूर्ण होने में संदेह रहेगा। चंद्र का द्वादश होने से निराशा हावी हो सकती है। आपकी गुप्त बातें भी जाहिर हो सकती हैं। किसी भी निवेश में सावधानी रखें एवं अनजानों से सावधान रहें।




**वृश्चिक राशि**: इस सप्ताह आप मनचाही वस्तुओं को प्राप्त करेंगे एवं खाने के शौकीन लोगों को अच्छा खाना खाने को मिलेगा। मंगल एवं बुधवार के दिन जो लोग विदेश जाना चाहते है, उनकी वीजा संबंधी समस्याएं समाप्त हो जाएंगी।

**धनु राशि**: रवि एवं सोमवार भाग्य का साथ रहेगा। पराक्रम श्रेष्ठ बना रहगे और कार्य में सफलता मिलेगी। आपकी आय अच्छी बनी रहेंगी। मंगल एवं बुधवार को कार्य की अधिकता रहेगी एवं मनचाहा पारिश्रमिक भी मिलेगा।

## मकर , कुंभ और मीन पर भी असर

**मकर राशि**: रवि एवं सोमवार को अष्टम चंद्र हालांकि चिंताए बढ़ाएंगा। खर्च की अधिकता होंगी। कार्य में सहयोग प्राप्त नही होगा। मंगल एवं बुधवार को समय अनुकूल रहेंगा। कार्य में तेजी आएगी एवं नए संपर्क लाभदायी होंगे। स्थाई संपत्ति में वृद्धि होगी। गुरुवार किसी विशेष कार्य के बन जाने से हर्ष होगा। नई उपलब्धियों की प्राप्ति होगी।


**कुंभ राशि**: रवि एवं सोमवार को चंद्र की पूर्ण दृष्टि राशि पर रहेंगी यह योग वित्तिय रूप से इस राशि के लिए फायदेमंद होगा। मनपसंद कार्यो को करने का मौका मिलेगा। परिवार का साथ मिलेगा एवं संतान से सुख की प्राप्ति होंगी। मनोरंजन पूर्ण कार्यो में हिस्सा लेगें एवं निवेश से भी लाभ प्राप्त होने की संभावना है। मंगल एवं बुधवार को चिंताएं रह सकती हैं। आय में गिरावट रहेगी एवं विवाद भी हो सकता है। गुरु एवं शुक्रवार बेहतर दिन रहेगे। भाग्य का साथ भी रहेगा। शनिवार को कार्य की अधिकता एवं प्रसन्नता की प्राप्ति होगी।

**मीन राशि**: सप्ताह के आरंभ में चिंताएं अधिक होंगी एवं विरोधियों का सामना भी करना पड़ सकता हैं। दूसरों की मदद लेनी पड़ सकती है। मंगल एवं बुधवार को कोई बड़ा लाभ हो सकता है। विवादों का हल होगा। गुरु एवं शुक्रवार पुनः चिंताजनक रहेगा। व्यय अधिक एवं अनावश्यक परेशानियां खड़ी हो सकती हैं।

## फिल्म इवेंट

### हालीवुड

## 'टार्जन' को छोटे परदे पर जीवंत करने वाले अभिनेता रॉन एली नहीं रहे



1960 के दशक में टीवी सीरीज 'टार्जन' में मुख्य भूमिका निभाने वाले दिग्गज अमेरिकी अभिनेता रॉन एली का निधन हो गया है। उन्होंने 86 वर्ष की आयु में अंतिम सांस ली। अभिनेता की बेटी कर्स्टन कैसले एली ने बीते दिन, बुधवार, 23 अक्तूबर, 2024 को इंस्टाग्राम पर लंबा भावुक नोट साझा किया और पिता के निधन की जानकारी दी। इंस्टाग्राम पर तस्वीरों की सीरीज के साथ एक भावुक बयान साझा करते हुए अभिनेता की बेटी ने कहा कि उन्होंने दुनिया ने अपने सबसे महान व्यक्तियों में से एक को खो दिया है। उन्होंने लिखा, 'और मैंने अपने पिता को खो दिया है। मेरे पिता एक ऐसे व्यक्ति थे, जिन्हें लोग हीरो कहते थे। वह एक अभिनेता, लेखक, कोच, मार्गदर्शक और नेता थे। 29 सितंबर को कैलिफोर्निया स्थित अपने घर पर उनका निधन हो गया।' अपने पिता के बारे में बात करते हुए कर्स्टन ने कहा कि वे एक पारिवारिक व्यक्ति और नेता थे, वह जहां भी गए, वहां सकारात्मक प्रभाव की एक शक्तिशाली लहर छोड़ी। दूसरों पर उनका जो प्रभाव था, वह मैंने किसी अन्य व्यक्ति में कभी नहीं देखा, उनमें सचमुच कुछ जादुई था। इसी कारण से दुनिया उन्हें जानती थी। मैं उन्हें अपने पिता के रूप में जानती थी और यह मेरे लिए स्वर्ग से भेजा गया सम्मान है। मेरे लिए वे चांद को लटका देते थे।'

दिवंगत अभिनेता पहली बार 1960 के दशक में एनबीसी के 'टार्जन' में अपनी मुख्य भूमिका के लिए मशहूर हु। यह टीवी सीरीज 1966 से 1968 तक प्रसारित हुई। दिलचस्प बात यह है कि उन्होंने शो में अधिकांश स्टंट खुद ही किए और इस दौरान दो बार उनके कंधे टूटे और कई बार शेरों के काटने जैसी चोटें भी आईं।

### टॉलीवुड

## अल्लू के लिए इस कहानी के साथ फिल्म बनाना चाहते हैं त्रिविक्रम, नागा वामसी ने किया खुलासा



अल्लू अर्जुन अगली बार सुकुमार द्वारा निर्देशित अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित 'पुष्पा 2 : द रूल' के साथ बड़े पर्दे पर दिखाई देंगे। हाल ही में एक फिल्म निर्माता नागा वामसी ने त्रिविक्रम द्वारा निर्देशित अल्लू अर्जुन की एक और परियोजना के बारे में रोमांचक जानकारी साझा की। नाग वामसी ने उल्लेख किया कि स्क्रिप्ट लगभग पूरी हो चुकी है और मार्च में फिल्मांकन शुरू होने की उम्मीद है। नाग वामसी ने संकेत दिया कि त्रिविक्रम कुछ असाधारण अवधारणा बना रहे हैं, जिसे भारतीय सिनेमा में पहले कभी नहीं देखा गया है। उन्होंने यह भी कहा कि निर्देशक राजामौली ने भी इस क्षेत्र में कदम नहीं रखा है, जिससे फिल्म के लिए उम्मीदें बढ़ गई हैं। दिलचस्प बात यह है कि यह फिल्म त्रिविक्रम की अखिल भारतीय पहली फिल्म है, जिनकी पिछली फिल्म महेश बाबू अभिनीत 'गुंटूर कारम' थी। अल्लू अर्जुन और त्रिविक्रम पहले भी साथ काम कर चुके हैं। उनकी एक सुपरहिट फिल्म है, 'अला वैकुंठपुरमुलु'। इसके अलावा, उन्होंने 'सन ऑफ सत्यमूर्ति' और 'जुलाई' जैसी फिल्मों में भी साथ काम किया है। इस बीच, अब अल्लू अर्जुन 'पुष्पा 2' की रिलीज के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। हाल ही में फिल्म की रिलीज देर में फिर बदलाव हुआ है। बीते दिन निर्माताओं ने खुलासा किया कि फिल्म एक दिन पहले सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस एक्शन ड्रामा में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहद फासिल मुख्य भूमिकाओं में हैं। जगदीश प्रताप बंडारी, जगपति बाबू, प्रकाश राज, अनसूया भारद्वाज, राव रमेश और कई अन्य सहायक कलाकारों का हिस्सा हैं।

### छॉलीवुड

## 'लुप लपाटा' का म्यूजिक ट्रैक हो रहा तैयार, जल्द होगी सिनेमाघरों में रिलीज



कबीर गंगा फिल्म प्रोडक्शन कबीर धाम कवर्धा की प्रस्तुति छत्तीसगढ़ी फिल्म 'लुप लपाटा' के लिए गीतकार नवलदास मानिकपुरी के लिखे दो गाने का ट्रैक सूरज महानंद के स्टुडियो रायपुर में तैयार किया गया। इस फिल्म में नवलदास मानिकपुरी गीतकार-संगीतकार की भूमिका निर्वहन करने के साथ दो गीतों को अपना स्वर भी दे रहे हैं। उनके साथ गायक शनि पांडेय कवर्धा से और गायिका चंपा निषाद ने भी गीतों को अपने स्वर दिए हैं। म्यूजिक अरेंजर सूरज महानंद है। इस फिल्म की कहानी छत्तीसगढ़ के तीर्थ भोरमदेव के इर्द गिर्द घूमती है। फिल्म की कहानी को रोचक बनाने विभिन्न किरदारों को सशक्त भूमिकाएं दी गई हैं। नवलदास मानिकपुरी का कहना है कि छत्तीसगढ़ी फिल्म 'लुप लपाटा' का टाइटिल थोड़ा अटपटा लग रहा है लेकिन फिल्म दर्शकों को बहुत पसंद आयेगी। फिल्म के गीत-संगीत भी बहुत ही कर्ण प्रिय है। इअस फिल्म के निर्माता प्रदीप मानिकपुरी, निर्देशक विकास चंद्रवंशी, कलाकारों में भुनेश साहू, भुपेंद्र मानिकपुरी,अमीत सिंह, रवि मानिकपुरी, तन्नु प्रधान, प्रतिभा चौहान मनीषा साहू और मायरा यदु है। इनके अलावा फिल्म में छतीसगढ प्रदेश के और भी नामी-गिरामी कलाकारों ने अभिनय किए हैं। फिल्म बहुत जल्दी सिनेमा घरों में रिलीज होने जा रही है।

## लंदन वीक का जलवा

### लाइफ स्टाइल



किसी भी फैशन इवेंट में प्रभावी विज्ञापन और क्लाइंट रिस्पॉन्स के लिए पहले से ही पहले से ही प्लान किए जाते हैं। लंदन फैशन वीक इसमें अपवाद नहीं है। कई हिस्सों में चलने वाले लंदन फैशन वीक में इस बार नए लॉन्च को उजागर करने वाले कुछ रनवे इवेंट शामिल किए गए। सामग्री ऑनलाइन फैशन ब्लॉगर्स और क्लाइंट दोनों के लिए सुलभ थी। ऐसे में दर्शकों ने इस शो को हाथों-हाथ लिया।

## पैरों के नाखून हो गए हैं काले तो साफ करने के लिए अपनाएं ये तरीके



भले ही लोग कितना भी अच्छे से तैयार हो जाएं, लेकिन अगर उनके पैर अच्छे नहीं दिख रहे, तो उनका पूरा लुक खराब हो सकता है। आप चाहें तो पार्लर जाकर पेडिक्योर करा सकते हैं, नहीं तो घर पर ही कुछ चीजों का इस्तेमाल करके नाखूनों की गंदगी को साफ कर सकते हैं। नाखूनों को साफ करने के लिए आपको बस बेकिंग सोडे को गर्म पानी में मिलाकर इसका पेस्ट नाखूनों पर लगाना है। लगाने के कुछ देर बाद इसे अच्छे से धो लें। कुछ दिन में आपको इसका असर दिखने लगेगा। इसी तरह दांतों की सफाई के साथ-साथ टूथपेस्ट पैरों के नाखूनों की सफाई का काम भी करता है। इसके इस्तेमाल के लिए आप सीधा पेस्ट को अपने नाखूनों पर लगाएं और कुछ समय बाद इसे धो दें। संतरा खाने में काफी स्वादिष्ट होता है। ये शरीर में विटामिन सी की कमी को पूरा करता है। इसके इस्तेमाल के लिए आपको बस संतरे के रस में अंडे के सफेद भाग को मिलाकर नाखूनों पर लगाना है। ये नाखूनों को साफ करने के साथ-साथ उन्हें मजबूती देता है।नाखूनों को साफ करने के लिए नींबू के रस में थोड़ा सा बेसन मिलाएं। अब इस पेस्ट को अपने नाखूनों पर लगाएं। इस तेल की मदद से आप नाखूनों पर जमा मैल हटा सकते हैं। ये नाखूनों को मुलायम बनाने के साथ इनमें जमे बैक्टिरिया को खत्म करने में मदद करेगा। अगर आप नाखूनों को हमेशा साफ रखना चाहते हैं तो हमेशा नाखूनों को साफ करने की कोशिश करें। आपके नाखून हमेशा ट्रिम और क्लीन होने चाहिए, ताकि इनमें गंदगी जमा ना होने पाए।

## नहाने के बाद अभी से रूखी होने लगी है त्वचा तो बॉडी लोशन की जगह इस्तेमाल करें ये तेल



जैसे ही सर्दी का मौसम दस्तक देता है, वैसे ही लोगों को त्वचा संबंधी परेशानियां शुरू हो जाती हैं। खासतौर पर सर्दी के मौसम में त्वचा के रूखेपन से लगभग हर कोई परेशान रहता है। कई बार तो ये रूखापन लोगों को इतना परेशान कर देता है कि उनकी त्वचा फटने लगती है। ऐसे में आपको अभी से अपनी त्वचा का ध्यान रखने की जरूरत है।

वैसे तो त्वचा की नमी बरकरार रखने के लिए बाजार में तमाम तरह के बॉडी लोशन आते हैं। लेकिन अगर आप इन बॉडी लोशन का इस्तेमाल नहीं करना चाहते तो हम आपको कुछ ऐसे प्रकार के तेल के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके इस्तेमाल से आपके हाथ-पैरों की नमी बरकरार रहेगी। आप बिना सोचे बॉडी लोशन की जगह इन तेल का इस्तेमाल करके अपनी त्वचा की नमी बरकरार रख सकते हैं। ये तेल आपको बेहद कम दामों में बाजार में मिल जाएंगे।

**नारियल तेल:** ये तेल हर घर में आसानी से मिल जाता है। नारियल का तेल त्वचा को गहराई से मॉइस्चराइज करता है और एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल गुणों से भरपूर होता है। ऐसे में अपनी त्वचा को कोमल और मुलायम बनाने के लिए इसका हर रोज इस्तेमाल करें।

**बादाम तेल :** यदि आपके पास बादाम का तेल नहीं है, तो इसे कम दामों में खरीद कर अपने पास जरूर रखें। विटामिन ई से भरपूर यह तेल त्वचा की नमी को बनाए रखने में मदद करता है और इसे चमकदार बनाता है। यह सूखी और संवेदनशील त्वचा के लिए बेहद अच्छा होता है।

**ऑलिव ऑयल:** अक्सर आजकल लोग खाना बनाने के लिए इसी तेल का इस्तेमाल करते हैं। यह त्वचा को नमी प्रदान करता है और इसे मुलायम बनाता है।

## जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग के लिए अपनाइए स्टाइलिश और बेहद मिनिमल लुक




आप जब भी बाहर निकलते होंगे तो ड्रेसिंग से आपको भी यही चाहिए होता होगा। है न...यही सब कुछ महिलाओं को अपने फैशन स्टाइल से भी चाहिए होता है।

लेकिन बात ऐसे फैशन की हो जो न सिर्फ पुरुषों के लिए हो और न ही सिर्फ महिलाओं के लिए बल्कि ये तो ऐसा फैशन हो जो जेंडर न्यूट्रल हो। तो क्या होगा...तो भी आत्मविश्वास, आराम और बेहतरीन लुक बराबर मिलेगा। पक्की बात है, मगर कुछ खास टिप्स आजमाने के बाद।

जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग ऐसी होती है जो किसी एक जेंडर को नहीं दिखाती है। बल्कि इसे किसी भी जेंडर के फैशन में शामिल किया जा सकता है। इसको आजमाने का आपने भी इरादा किया है तो चलिए खास टिप्स जान लीजिए-

### .सफेद शर्ट सबकी फेवरेट



सफेद शर्ट के साथ जींस आपने कई बार पहनी होगी। लेकिन क्या कभी सोचा है कि ये लुक जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग का ही हिस्सा है। सफेद शर्ट किसी भी बॉटम पर चल जाती है और अच्छी भी सभी पर लगती है। अगर आपको थोड़ा स्टाइलिश लगना है तो इसके ऊपर के दो चार बटन खोले भी जा सकते हैं।

### जेंडर न्यूट्रल एसेसरीज



जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग के लिए आप एसेसरीज का सहारा भी ले सकते हैं। इनमें सस्पेंडर, बेसबॉल कैप, स्कार्फ, बेल्ट, जैकेट के लिए पिन, टाई और सनग्लासेस शामिल हैं।

### ब्लेजर हैं बेस्ट

ब्लेजर ऐसा पहनावा हैं जो किसी भी ड्रेसिंग में आराम से शामिल हो जाते हैं। ये किसी भी लुक को बेहतर करने में मदद भी करते हैं। इसलिए अगर आप जेंडर न्यूट्रल ड्रेसिंग कर रहे हैं तो एक अच्छा डार्क कलर का ब्लेजर आप पर बहुत अच्छा लगेगा।

### डबल स्लीव्स वाला फैशन

कुछ साल पहले तक ये फैशन काफी इन था। इसमें फुल स्लीव की टीशर्ट के ऊपर हाफ स्लीव टी शर्ट पहनी जाती थी। इसके साथ कार्गो का ढीला ढाला लुक काफी अच्छा लगता था। ये पूरा लुक भी जेंडर न्यूट्रल लुक है।

## फटे-पुराने कपड़ों को फेंके नहीं लटकन बनाने करें इस्तेमाल



अपने लुक को स्टाइलिश बनाने के लिए आपको हर छोटी-बड़ी चीज की स्टाइलिंग अपनी बॉडी टाइप के हिसाब से ही करनी चाहिए। इसके लिए आप सेलेब्रिटी लुक्स से इंस्पिरेशन ले सकती हैं।

अपने लुक को अप-टू-डेट रखना हम सभी चाहते हैं और इसके लिए हम आए दिन अपने वार्डरोब में कई तरीके के बदलाव भी करते रहते हैं। बदलते दौर में भी कुछ चीजें एवरग्रीन रहती हैं जैसे कि ब्लाउज में लगी डोरी पर लटकन। हालांकि इसके कई डिजाइन आपको मार्केट से बने-बनाए आसानी से मिल जाएंगे।

बता दें कि आप इन लटकन को घर पर भी आसानी से बना सकती हैं। इसके लिए आप पड़े पुराने कपड़े का इस्तेमाल कर सकते हैं। तो चलिए आज हम आपको बताने वाले हैं घर पर पड़े बेकार कतरन के कपड़े की मदद से ब्लाउज पर लगी डोरी के लिए लटकन के लेटेस्ट डिजाइंस।

### थ्रेड वर्क लटकन डिजाइन बनाने का तरीका

अगर आप थ्रेड वर्क वाली लटकन को हैवी लुक देना चाहती हैं तो इसमें ऊपर की ओर आप फ्रिल डिजाइन बनाकर लटकन को आकर्षक लुक दे सकती हैं। इसमें आप चाहे तो बीड्स और पर्ल्स भी लगवा सकती हैं और इसे और भी ज्यादा हैवी लुक दे सकती हैं। इस तरीके की थ्रेड वाली लटकन पर ऊपर की ओर आप बड़े साइज का मोती लगाकर उसे कवर करके बांध लें।

### बेल डिजाइन लटकन बनाने का आसान तरीका

वहीं अगर आप हल्के वजन में हैवी लुक देने वाली लटकन को ब्लाउज पर लगवाना चाहती हैं तो इस तरह से आप मल्टी-लेयर की बेल बनाकर अपने हिसाब से इसकी लेंथ को एडजस्ट कर सकती हैं।

### कार्नर न्यूज

## परफेक्शन होना चाहिए आपके लुक में, पार्टी बन जाएगी यादगार

# पार्टी में जाने से पहले याद रखिए ग्रूमिंग टिप्स, सबकी नजरें आप पर ही होंगी

*पार्टी में जाने की तैयारी पूरी है, कपड़े से लेकर जूते और फिर हेयर स्टाइल भी परफेक्ट लग रहा है। लेकिन यकीन मानिए कि आप अभी भी तैयार नहीं हैं। ऐसा कैसे, आप यही सोच रहे हैं न। लेकिन ये सही है कि आप तैयार नहीं हैं। पार्टी में जाने के लिए आपको प्री पार्टी ग्रूमिंग करनी होगी। ताकि पार्टी में सबकी नजरें बस आप पर ही हों। इसके लिए आपको कुछ खास ग्रूमिंग टिप्स आजमाने होंगे। ये टिप्स आजमाकर आप सबका दिल जरूर जीत लेंगे।*



### पार्टी से पहले करें ग्रूमिंग

ग्रूमिंग पर बहुत ध्यान देते हैं तो पार्टी से पहले खासतौर पर इस पर ध्यान दीजिए। आपको क्या-क्या करना होगा, जान लीजिए-

### एक दिन पहले एक्सफोलिएट

कम से कम कोशिश में ज्यादा से ज्यादा फायदा देने के लिए एक्सफोलिएट किया जाना चाहिए। एक्सफोलिएशन के बाद स्किन सच में फ्रेश सी हो जाती है।

इससे डेड स्किन हटती है तो स्किन में बसी गंदगी भी बहर हो जाती है। टॉक्सिन निकलते ही स्किन फ्रेश-फ्रेश हो जाती है।

इसके लिए बिलकुल थोडा सा स्क्रब लें। अब इससे फोरहेड, गाल, चिन और नाक पर उंगली की टिप से मसाज करें। हालांकि इस दौरान आंखों के नीचे के एरिया पर ये मसाज न करें।

### नया हेयर कट करवा लीजिए

पार्टी में जाने से पहले हेयर कट ज़रूरी होता है। ये जरूरी इसलिए होता है क्योंकि आपका लुक अचानक से अच्छा लगने लगता है। इसके लिए बस कीजिए इतना कि बालों के साथ कोई अनोखा प्रयोग मत कीजिए। सेफसाइड हेयरस्टाइल ही अपनाइए। इससे लोगों को आपका लुक अचानक से बदला हुआ लगेगा। आपका लुक उन्हें बिलकुल फ्रेश लगने लगेगा। बस यहीं पर सबकी नजरें आप पर ठहर जाएंगी।

### छोटी बातें, पते की बातें

अक्सर पुरुष बाल, कपड़े और हेयर स्टाइल के साथ स्किन पर भी ध्यान देते हैं लेकिन बहुत छोटी बातों को ऐसे ही छोड़ देते हैं। ये छोटी-छोटी बातें हैं, नाखून, कान या नाक से बाहर आते बाल। इन छोटी ग्रूमिंग पर भी ध्यान दीजिए। ताकि आपका लुक बिलकुल परफेक्ट हो सके। आपको इस दौरान कपड़ों की डिटेल पर भी ध्यान देना होगा, जैसे उन्हें किसी तरह की मरम्मत की जरूरत तो नहीं है।

